संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया ,रविवार | 3 मई 2026 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 019


**सुविचार**

"मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे।"



03 मई : भारतीय सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर 'राजा हरिश्चंद्र'

## पश्चिम बंगाल पुनर्मतदान और फलता में प्रदर्शन : सुरक्षा की मांग को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज

**कोलकाता** (हि.स.)। कोलकाता, दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के चार बूथों और मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों पर हुए पुनर्मतदान में भारी मतदान दर्ज किया गया। शाम 5 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 86.90 से अधिक रहा। मतदान सुबह 7 बजे शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ और दिनभर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं।

**बूथवार मतदान आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी**: निर्वाचन आयोग के अनुसार डायमंड



हार्बर में शाम 5 बजे तक 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मगराहाट पश्चिम में यह आंकड़ा 86.11 प्रतिशत रहा। सुबह 9 बजे तक दोनों क्षेत्रों में 15 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था, जो दोपहर तक तेजी से बढ़कर 50 प्रतिशत के पार पहुंच गया और शाम तक उच्च स्तर पर स्थिर रहा।

**कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण मतदान**: पुनर्मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। केंद्रीय बलों की तैनाती के साथ-साथ स्थानीय पुलिस भी लगातार निगरानी में रही। जिन 15 बूथों पर पुनर्मतदान हुआ, उनमें मगराहाट पश्चिम के 11 और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल थे।

**फलता में ग्रामीणों का प्रदर्शन, सुरक्षा की उठी मांग**: इसी बीच दक्षिण 24 परगना के फलता क्षेत्र में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं से धमकियां मिल रही हैं और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सुरक्षा बढ़ाने और निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है।

**01 : दक्षिण 24 परगना में 15 बूथों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।**

**02 : मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक निर्धारित समय में पूरा हुआ।**

**03 : शाम 5 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 86.90 से अधिक दर्ज किया गया।**

**04 : डायमंड हार्बर में 87.60 प्रतिशत और मगराहाट पश्चिम में 86.11 प्रतिशत मतदान हुआ।**

## देशभर में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा होने पर तुरंत मिलेगी सूचना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नई दिल्ली में केंद्र सरकार ने आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित सूचना पहुंचाने के लिए विकसित 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का सफल परीक्षण किया। करीब 11:45 बजे देशभर के मोबाइल फोन पर एक साथ बीप ध्वनि के साथ अलर्ट संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें स्पष्ट किया गया कि यह केवल एक परीक्षण है और किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है।

**. तकनीक और 'सचेत' प्रणाली का उपयोग**: यह प्रणाली संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग और एनडीएमए के सहयोग से विकसित की गई है। इसमें सी-डॉट द्वारा विकसित 'सचेत' प्रणाली और कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल आधारित तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे भौगोलिक क्षेत्र में एक साथ अलर्ट भेजा जा सके।

**कई खतरों में उपयोगी प्रणाली**: यह सिस्टम सुनामी, भूकंप, चक्रवात, गैस रिसाव, बिजली गिरने और युद्ध जैसी आपात स्थितियों में तत्काल सूचना देने में सक्षम है। अब तक 19 से अधिक भाषाओं में अरबों अलर्ट भेजे जा चुके हैं।

**नागरिकों से सतर्क रहने की अपील**: परीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की घबराहट देखी गई, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। सरकार ने नागरिकों से ऐसे परीक्षण संदेशों से न घबराने की अपील की है।

**01 : सुनामी, भूकंप, चक्रवात और गैस रिसाव जैसी आपदाओं में यह उपयोगी होगा।**

**02 : परीक्षण संदेश में स्पष्ट किया गया कि नागरिकों को कोई कार्रवाई नहीं करनी है।**



## एलपीजी सिलेंडरों की सौ फीसदी सप्लाई की जा रही सुनिश्चित, आपूर्ति ठप होने की कोई रिपोर्ट नहीं : सरकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.) पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य और सुरक्षित है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर एलपीजी सिलेंडर की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है और घरेलू उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत आपूर्ति




सुनिश्चित की जा रही है।

**सप्लाई व्यवस्था सामान्य** मंत्रालय के अनुसार ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग 99 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 प्रतिशत से अधिक हो रही है। मार्च 2026 से अब तक लाखों नए पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं और बड़ी संख्या में नए उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं।

**वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा**: सरकार ने उपभोक्ताओं को डिजिटल बुकिंग अपनाने और पीएनजी, इलेक्ट्रिक व इंडक्शन जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने की सलाह दी है।

**घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील**: मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक जमाखोरी न करें। सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है ताकि किसी भी तरह की कमी न हो।

**उद्योग और परिवहन क्षेत्र को प्राथमिकता**: सरकार ने बताया कि रिफाइनरियों से रसायन, फार्मा और अन्य उद्योगों को प्रोपलीन व ब्यूटाइल एक्रिलेट की आपूर्ति लगातार की जा रही है। साथ ही नाविकों की सुरक्षित वापसी भी सुनिश्चित की गई है।

## रेल मंत्रालय ने 895 करोड़ रु. की परियोजनाओं को दी मंजूरी, कोलकाता मेट्रो, आद्रा ब्रिज होगा मजबूत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रेल मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में रेलवे अवसंरचना को मजबूत करने और कोलकाता मेट्रो सेवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 895.30 करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से शहरी परिवहन और औद्योगिक रेल कनेक्टिविटी दोनों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।\



**मेट्रो सेवाओं की रफ्तार में सुधार**: पावर सिस्टम अपग्रेड के बाद मेट्रो ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी 5 मिनट से घटकर 2.5 मिनट तक की जा सकेगी। इससे यात्रियों को तेज, सुगम और अधिक नियमित सेवा उपलब्ध होगी।

**आद्रा मंडल में पुल पुनर्निर्माण** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में मधुकुंडा–दामोदर सेक्शन के बीच ब्रिज नंबर 520 के पुनर्निर्माण के लिए 223.58 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह पुल 1903 और 1965 में निर्मित हुआ था और अब इसे सुरक्षा कारणों से बदला जाएगा।

**औद्योगिक और माल परिवहन को लाभ**: दामोदर नदी पर स्थित यह पुल कोयला परिवहन के लिए अहम कॉरिडोर का हिस्सा है। इसके पुनर्निर्माण से दुर्गापुर–आसनसोल औद्योगिक क्षेत्र में रेल परिचालन और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा।

**कोलकाता मेट्रो पावर सिस्टम का उन्नयन**: कोलकाता मेट्रो के नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर के लिए 671.72 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। इसके तहत 7 नए ट्रैक्शन सबस्टेशन बनाए जाएंगे और पूरे पावर सिस्टम को 11 केवी से बढ़ाकर 33 केवी किया जाएगा। इससे मेट्रो की परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### ऋण वसूली तंत्र को सुदृढ़ बनाने को डीआरएटी अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)नई दिल्ली में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में ऋण वसूली तंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से डीआरएटी (ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण) अध्यक्षों और डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यह आयोजन विज्ञान भवन में हुआ, जिसमें डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधि तथा इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों की संख्या को कम करना और उनके निपटान की प्रक्रिया को तेज करना था।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, हाल के समय में लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों के कारण डीआरटी के मासिक निपटान दरों में सुधार दर्ज किया गया है।

बैठक में न्यायाधिकरणों से आग्रह किया गया कि वे बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीआरटी द्वारा अपनाई जा रही सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाएं।

डीएफएस ने कहा कि नियमित बैठकों के माध्यम से नीतिगत संवाद और सुधार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ी है।

सम्मेलन को न्यायाधिकरणों के कामकाज में सुधार और बेहतर समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## बरगी क्रूज हादसा : दो और शव मिले, मृतकों की संख्या बढ़कर 11, दो अब भी लापता

**जबलपुर** (हि.स.)जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य लगातार तेज गति से चल रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की संयुक्त टीमें डैम क्षेत्र में दिन-रात सर्च अभियान चला रही हैं। शनिवार को अभियान के दौरान दो और शव बरामद किए गए हैं, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 11 हो गई है।



**दो बच्चों की हुई पहचान** बरामद शवों की पहचान 5 वर्षीय विराज सोनी, निवासी कोतवाली क्षेत्र जबलपुर, और 5 वर्षीय श्रीतमिल, निवासी वेस्टलैंड खमरिया के रूप में हुई है। दोनों बच्चों के शव मिलने के बाद परिजनों में गहरा शोक छा गया है और घटनास्थल पर माहौल बेहद भावुक हो गया।

**अब भी दो लोग लापता** प्रशासन के अनुसार हादसे के बाद अब भी दो लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए गोताखोरों की टीम लगातार पानी के अंदर सर्च ऑपरेशन चला रही है। रात में भी सर्चलाइट की मदद से अभियान जारी रखा जा रहा है ताकि जल्द से जल्द सभी लापता लोगों का पता लगाया जा सके।

**कैसे हुआ हादसा**

यह दर्दनाक हादसा गुरुवार शाम उस समय हुआ जब नर्मदा नदी पर संचालित पर्यटन विभाग का क्रूज तेज आंधी के कारण असंतुलित होकर डूब गया। क्रूज में 45 से अधिक पर्यटक सवार थे। अब तक 29 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।

## जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो जाएंगे विदेश मंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 02 से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री तीनों देशों के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



विदेश मंत्री की इस यात्रा का उद्देश्य जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के साथ भारत की राजनीतिक गतिविधियों को गति देना और इन देशों के साथ हमारे दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है, जो दक्षिण-दक्षिण सहयोग और विकास के प्रति पारस्परिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि गिरमिटिया समुदाय की उपस्थिति के कारण इन देशों का भारत के साथ विशेष संबंध है। विदेश मंत्री के इन देशों के प्रमुख व्यापारिक नेताओं और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और बातचीत करने की भी उम्मीद है।

## वित्त मंत्रालय ने बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई को किया अधिसूचित

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।वित्त मंत्रालय ने 2 मई 2026 को बीमा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अधिसूचना जारी की है, जिससे पहले की 74 प्रतिशत सीमा समाप्त हो गई है। यह प्रावधान 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक-2025' के तहत लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में विदेशी पूंजी, तकनीक और नए उत्पादों को बढ़ावा देना है। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियों और




ब्रोकरों सहित सभी बीमा मध्यस्थों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति होगी। हालांकि सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए विदेशी निवेश की सीमा पहले की तरह 20 प्रतिशत ही रहेगी। संसद ने इस विधेयक को दिसंबर 2025 में पारित किया था और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बना। इससे निवेश बढ़ेगा। है

## पुडुचेरी में 4 मई को मतगणना, तीन-स्तरीय सुरक्षा के साथ 3,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

**पुडुचेरी**(हि.स.)।

**01: महिला कमांडो और विशेष कमांडो यूनिट को भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया है।**

**02 : प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए कड़े इंतजाम किए हैं।**

केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में 4 मई को होने वाली विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पूरे क्षेत्र में 3000 से अधिक पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।



**मतगणना केंद्रों पर कड़ी निगरानी**: ईवीएम मशीनों को लासपेट, नेहरू पॉलिटेक्निक और टैगोर कॉलेज सहित विभिन्न स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है, जहां तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है।

**क्षेत्रवार बलों की तैनाती**: कराईकल, माहे और यनम में विशेष रूप से पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। कुल 1250 पुलिसकर्मी तीन शिफ्टों में सुरक्षा संभालेंगे।

**कमांडो और अर्धसैनिक बल शामिल**: हर क्षेत्र में 100-100 अर्धसैनिक जवानों के साथ महिला और विशेष कमांडो को भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है।

**कड़ी निगरानी और निष्पक्षता पर जोर**: प्रशासन ने कहा है कि मतगणना पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट से चार जवान बलिदान




**कांकेर,** (हि.स.)।छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आदनार गांव के पास जंगल में शनिवार को डी-माइनिंग और एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इस दर्दनाक घटना में चार सुरक्षा बल के जवान बलिदान हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ऑपरेशन के दौरान आईईडी निष्क्रिय करते समय यह विस्फोट हुआ। हादसे में कांकेर डीआरजी के इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा और संजय गढपाले मौके पर ही शहीद हो गए, जबकि बस्तर फाइटर के जवान परमानंद कोर्राम ने रायपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, हाल के महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बल बड़ी मात्रा में आईईडी बरामद कर निष्क्रिय कर रहे हैं। लेकिन इस अभियान के दौरान यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हो गया।

# मुख्यमंत्री ने की पटना मेट्रो, सैटेलाइट टाउनशिप और जेपी गंगा पथ परियोजनाओं की समीक्षा, समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

**पटना,** (हि.स.) पटना मेट्रो, सैटेलाइट टाउनशिप और जेपी गंगा पथ परियोजनाओं की मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश पटना (हिन्दुस्तान रिपोर्ट)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय 'संवाद' में पटना मेट्रो रेल परियोजना, ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना तथा जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान (फेज-1) परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रमुख शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।



**पीटीआर सिस्टम और कनेक्टिविटी पर जोर** बैठक में पर्सनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (पीटीआर) को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रणाली एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों के लिए तेज, सुगम और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

**जेपी गंगा पथ और रिवर फ्रंट विकास की समीक्षा:** पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान (फेज-1) और पटना रिवर फ्रंट विकास परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना दीघा से सभ्यता द्वार (गांधी मैदान) तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी होगी और इसे 25 सितंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल और योजनाबद्ध तरीके से विकसित की जाए। साथ ही पार्किंग, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को इस तरह विकसित किया जाए कि आम लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके।

**पटना मेट्रो और टाउनशिप योजनाओं पर तेज़ी लाने का निर्देश:**

बैठक के दौरान पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में आ रही सभी बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए और परियोजना को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

इसके साथ ही राज्य में प्रस्तावित 11 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरीकरण को व्यवस्थित रूप देने के लिए इन टाउनशिप का विकास चरणबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

**निरीक्षण और अंतिम निर्देश** समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ का स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने दीघा, एलसीटी घाट और बांस घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा पथ का विकास इस तरह किया जाए कि यह न केवल सुरक्षित हो, बल्कि शहरवासियों के लिए आकर्षण और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र भी बने।

## मुख्यमंत्री ने महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

**पटना,** (हि.स.)
मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महावीर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।



महावीर मंदिर में पहुंचने पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य सायण कुणाल और सांसद शांभवी चौधरी ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।
पूजा-अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने मल्टी मॉडल हब का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।
इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

**पटना,** (हि.स.) बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जारी अटकलों के बीच शनिवार को राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। यह मुलाकात पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड पर नीतीश कुमार के नए आवास पर हुई, जिसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है।करीब 30 मिनट तक चली इस बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। हालांकि, मुलाकात को औपचारिक बताया गया,



लेकिन इसे कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है।
दरअसल, बिहार में नई सरकार के गठन को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो सका है। ऐसे में सभी विभागों का कार्यभार फिलहाल मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के पास ही है। इसके बावजूद सरकार ने दो कैबिनेट बैठकें कर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है।
सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जल्द ही संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जा सकते हैं, जहां पार्टी नेतृत्व के साथ अंतिम चर्चा के बाद कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी मिल सकती है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी।
राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में सत्ता संतुलन और सहयोगी दलों के बीच तालमेल को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार की प्रक्रिया में सावधानी बरती जा रही है। आने वाले दिनों में इस पर बड़ा फैसला हो सकता है।-------------

## अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति रहेगी जारी : विजय चौधरी

**पटना,** (हि.स.) बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाल ही में विधानसभा में स्पष्ट रूप से दोहराया है कि राज्य में अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' की नीति पूर्व की भांति जारी रहेगी। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार यह बात कही।



उपमुख्यमंत्री ने जारी बयान में कहा कि राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय को इस नीति के व्यापक निहितार्थ को समझना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में यह धारणा बनी है कि अल्पसंख्यकों के हित में सर्वाधिक कार्य बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान हुए हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का भी सकारात्मक योगदान रहा है। ऐसे में किसी प्रकार के अनावश्यक भय या भ्रम की स्थिति में रहने की आवश्यकता नहीं है।
उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के बीच भ्रम और भय का माहौल बनाकर उनकी भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई मुद्दों पर विपक्ष ने अनावश्यक विवाद खड़े किए, लेकिन अब उनकी मंशा उजागर हो चुकी है।उपमुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि चाहे नागरिकता संशोधन अधिनियम का मामला हो, वक्फ संशोधन कानून हो या फिर एसआईआर से जुड़ा मुद्दा-विपक्ष ने इन्हें अल्पसंख्यकों के खिलाफ बताकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। हालांकि, अब वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो चुकी है।उन्होंने कहा कि बिहार में किसी भी अल्पसंख्यक की नागरिकता नहीं छीनी गई, न ही किसी का नाम मतदाता सूची से हटाया गया और न ही किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण किया गया है।
उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जिस प्रकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय स्वयं को सुरक्षित महसूस करता था, उसी प्रकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भी उनकी सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित रहेंगे। उन्होंने राज्य के अल्पसंख्यकों से अपील की कि वे निश्चिंत रहें और राजग सरकार पर भरोसा बनाए रखें।

## पटना में घर में घुसकर युवक की हत्या, पत्नी पर भी हमला; इलाके में तनाव, परिजनों का प्रदर्शन जारी

**पटना,** (हि.स.)पटना के लालबाग इलाके में शनिवार सुबह हुई दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहशत और तनाव में डाल दिया। घर में घुसकर एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई, जबकि उसकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया गया।
मृतक नवाज आलम (30) अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। सुबह अचानक आरोपी सत्यम घर में घुसा और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में नवाज गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी नाजिया परवीन पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने घर में मौजूद दो साल की बच्ची पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन



परिजनों के शोर मचाने और विरोध करने पर वह मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां अधिक रक्तस्राव के कारण नवाज आलम की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।
घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया। उनका आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी अब तक फरार है, इसलिए जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।
परिजनों ने मृतक की पत्नी के लिए सरकारी नौकरी और बच्ची के पालन-पोषण की व्यवस्था की भी मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

## जनगणना 2027 : बिहार में स्व-गणना अभियान सफलतापूर्वक संपन्न, मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ

**पटना,** (हि.स.) बिहार राज्य में चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति एवं आगामी चरणों को लेकर शनिवार को जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में निदेशक, जनगणना कार्य, बिहार रंजिता ने प्रथम चरण की स्व-गणना की स्थिति और आगे की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी।

**स्व-गणना की प्रगति की समीक्षा:** निदेशक रंजिता ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया राज्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। बड़ी संख्या में नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने




डेटा का पंजीकरण किया है, जिसे आगामी सत्यापन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

**मकानों की क्रमांक व्यवस्था और डेटा संकलन:** सत्यापन के बाद सभी मकानों को क्रमांकित किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक घर से संबंधित जनसंख्या, परिसंपत्तियों एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तृत डेटा एचएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाएगा। स्व-गणना करने वाले परिवारों का आईडी सत्यापन भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

**निगरानी और तकनीकी सहयोग व्यवस्था:** निदेशालय द्वारा सभी जिलों में अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्य की निगरानी और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं। डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है।

**हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का भौतिक सत्यापन:** उन्होंने कहा कि आज से सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में जाकर सीएमएमएस पोर्टल पर तैयार डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर उसे पर्यवेक्षक एवं चार्ज अधिकारी के माध्यम से तुरंत सुधारा जाएगा।

**गोपनीयता, सुरक्षा और नागरिक अपील:** निदेशक ने स्पष्ट किया कि जनगणना में एकत्र सभी व्यक्तिगत सूचनाएँ जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं। साथ ही नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जनगणनाकर्मी कभी भी ओटीपी, बैंक विवरण, आधार, पैन या धनराशि की मांग नहीं करते हैं। किसी भी सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1855 पर संपर्क किया जा सकता है।
प्रेस वार्ता में पत्र सूचना कार्यालय, पटना के उप-निदेशक लौकिक पारख एवं जनगणना कार्य निदेशालय के उप-निदेशक संजीव कुमार साव भी उपस्थित रहे।

## इतिहास के पन्नों में 03 मई : भारतीय सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर 'राजा हरिश्चंद्र'

विश्व इतिहास में 03 मई की तारीख कई महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए जानी जाती है, लेकिन भारतीय सिनेमा के संदर्भ में यह दिन खास महत्व रखता है। इसी दिन वर्ष 1913 में भारत की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' का प्रदर्शन हुआ था।
यह फिल्म तत्कालीन बम्बई (अब मुंबई) में प्रदर्शित



की गई थी और इसे भारतीय फिल्म उद्योग की नींव रखने वाला ऐतिहासिक क्षण माना जाता है। इस मूक फिल्म का निर्देशन और निर्माण दादासाहेब फाल्के ने किया था, जिन्हें भारतीय सिनेमा का जनक भी कहा जाता है।
'राजा हरिश्चन्द्र' पौराणिक कथा पर आधारित फिल्म थी, जिसमें सत्य और धर्म की कहानी को पर्दे पर उतारा गया। उस दौर में तकनीकी संसाधनों की कमी के बावजूद इस फिल्म का निर्माण अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी। दिलचस्प बात यह है कि उस समय फिल्मों में महिला कलाकारों की भागीदारी सीमित थी, इसलिए कई महिला पात्रों की भूमिका भी पुरुषों ने निभाई थी।
इस फिल्म की सफलता ने भारत में फिल्म निर्माण की दिशा बदल दी और आने वाले वर्षों में सिनेमा एक बड़े उद्योग के रूप में विकसित हुआ। आज भारतीय फिल्म उद्योग दुनिया के सबसे बड़े फिल्म उद्योगों में से एक है, जिसकी शुरुआत इसी ऐतिहासिक दिन से जुड़ी मानी जाती है।
इस तरह 03 मई का दिन भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

1660 - स्वीडन, पोलैंड और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1764 - बंगाल के नवाब मीर कासिम को अंग्रेजों ने हराया।

1765 - फिलाडेल्फिया में पहला अमेरिकी मेडिकल कॉलेज खुला।

1845 - चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1600 लोगों की मौत।

1896 - भारत के राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री वी. के. कृष्ण मेनन का जन्म

जिलाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जन शिकायतों के प्रभावी समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक

# 19 मई से पूर्णिया में जन शिकायतों के समाधान को मिलेगी नई रफ्तार
## पंचायत स्तर पर लगेगा, सहयोग शिविर ,शिकायतों का होगा त्वरित निवारण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---

**▪ पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" की यह पहल प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर जन शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगीःडीएम**

---

समाहरणालय पूर्णिया के महानंदा सभागार में जिलाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जन शिकायतों के प्रभावी समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

**19 मई 2026 से शुरू होगी प्रक्रिया**

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस पहल की शुरुआत मई माह के तृतीय मंगलवार यानी 19 मई 2026 से की जाएगी। शिविर के सफल संचालन के लिए 30 दिन पूर्व से ही आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, ताकि मामलों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

**शिविर में ही मिलेगी लंबित और निष्पादित मामलों की जानकारी**

सहयोग शिविर में अपर समाहर्ता, राजस्व, भूमि सुधार उप-समाहर्ता एवं अंचल अधिकारी स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में लंबित एवं निष्पादित वादों तथा मामलों की सूची का प्रदर्शन करेंगे। इससे संबंधित व्यक्तियों को उनके मामलों की स्थिति की जानकारी शिविर स्थल पर ही सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी।



**हर माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को लगेगा "सहयोग शिविर"**

बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार के निर्देश के आलोक में पंचायतवार "सहयोग शिविर" का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाएगा। यह शिविर पंचायत सरकार भवन अथवा उसके निकट चिन्हित सार्वजनिक स्थल पर आयोजित होंगे।

**पूर्व निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश**

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के आयोजन से पहले संबंधित पंचायत के राजस्व से जुड़े सभी मामलों का नियम के अनुरूप निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

**समय सीमा में शिकायतों का निवारण अनिवार्य**

प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिनियमों एवं योजनाओं में निर्धारित समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, इसके निष्पादन की लिखित सूचना शिविर में उपस्थित आवेदकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

**हर आवेदन का पंजीकरण और पूर्व तैयारी जरूरी**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि "सहयोग शिविर" में प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों को संधारित पंजी में अंकित किया जाए तथा इसके लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आवेदन की अनदेखी न हो।

**"सात निश्चय-03" के तहत पहले से चल रही व्यवस्था :डीएम**

जिलाधिकारी ने बताया कि "सात निश्चय-03" के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस—सोमवार एवं शुक्रवार—को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर आम लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं। शिकायतकर्ताओं से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए त्वरित निराकरण किया जा रहा है और यह व्यवस्था पहले से प्रभावशाली रूप से कार्यरत है।

*** डीएम ने दिए बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश**

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि "सहयोग शिविर" के आयोजन के लिए सभी कार्य योजनाएं शीघ्र और बेहतर ढंग से तैयार की जाएं, ताकि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का सहज और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

**"शिविर संवाद समाधान पोर्टल" से होगी निगरानी**

शिविर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए "शिविर संवाद समाधान पोर्टल" का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से जन शिकायतों के निवारण से संबंधित सभी कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

**सरकारी योजनाओं की दी जाएगी विस्तृत जानकारी**

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन जानकारी भी शिविर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आम जनमानस को संबंधित अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**आम नागरिकों को सीधे शिकायत रखने का अवसर**

इस पहल के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुंचे सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव , कई घरों में पहुंचे पीड़ित परिजनों को दी सांत्वना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---

**▪ जिपूर्णिया के विभिन्न इलाकों का दौरा कर दिवंगतों के परिजनों से मिले, हर संभव सहयोग का दिलाया भरोसा**

---



पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस कठिन समय में ढांढस बंधाया।

सांसद सबसे पहले रंगभूमि चौक स्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमेश कुमार के आवास पहुंचे, जहां उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व महिला थाना प्रभारी माधुरी कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद वे सहायक खजांची थाना क्षेत्र के सज्जाद कॉलोनी पहुंचे और मरहूम अनवर आलम उर्फ मुन्ना भाई के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

उन्होंने मधुबनी बाजार वार्ड संख्या 15 में शंकर तम्बोली के आवास पर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राजेंद्र नगर, गुलाबबाग वार्ड 37 में ब्रेन हेमरेज से दिवंगत सुनील जायसवाल के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना जताई।

इसी क्रम में जलालगढ़ प्रखंड पहुंचकर प्रखंड प्रमुख निखिल कुमार उर्फ भिखारी यादव के आवास पर उनकी माताजी के निधन पर शोक प्रकट किया।

सांसद ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे हर परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग करेंगे। इस दौरान प्रतिनिधि बबलू भगत, सांसद प्रवक्ता राजेश यादव, संजय सिंह, वैश खान, सुडु यादव, मंटू यादव, मो इरफान, हरिष चौधरी, पप्पू यादव मुखिया, पूर्व प्रमुख निशी यादव, अरुण यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पूर्णिया को हाईकोर्ट बेंच की पहल तेज
## विधायक विजय खेमका ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से की मुलाकात, रखा मजबूत पक्ष

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रवास के बाद दिल्ली पहुंचे पूर्णिया विधायक विजय खेमका ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर पूर्णिया में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग जोरदार तरीके से उठाई। इस दौरान विधायक ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर क्षेत्र की जनता की ओर से स्वागत भी किया।

**300-400 किमी दूरी तय करने की मजबूरी, आम जनता परेशान**

मुलाकात के दौरान विधायक खेमका ने बताया कि भागलपुर, पूर्णिया और कोसी प्रमंडल के लोगों को न्याय के लिए पटना हाई कोर्ट तक 300 से 400 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे समय, धन और श्रम तीनों की भारी बर्बादी होती है, जिससे आम लोगों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**सीमांचल के लिए जरूरी है स्थानीय हाईकोर्ट बेंच**

विधायक ने कहा कि पूर्णिया 1770 का ऐतिहासिक जिला है और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकांक्षी जिला घोषित किया गया है। ऐसे में सीमांचल क्षेत्र के लोगों को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए पूर्णिया में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

**पहले भी उठा चुके हैं मुद्दा, राज्यपाल की भी अनुशंसा**

उन्होंने बताया कि इस मांग को वे पहले बिहार विधानसभा में उठा चुके हैं तथा मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिख चुके हैं। राज्यपाल की ओर से भी इस संबंध में केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जा चुकी है।

**केंद्र का सकारात्मक रुख, जल्द होगी अगली प्रक्रिया**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्णिया सहित सीमांचल के विकास के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है और आगे की प्रक्रिया में पटना हाई कोर्ट से विस्तृत रिपोर्ट मंगाई जाएगी।

**पूर्णिया आने का दिया निमंत्रण, जल्द पूरी होगी मांग का भरोसा**

विधायक विजय खेमका ने केंद्रीय मंत्री को पूर्णिया आने का निमंत्रण भी दिया और विश्वास जताया कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में पूर्णिया में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग अवश्य पूरी होगी।

# पूर्णिया मे जनगणना-2027 का आगाज, डीएम अंशुल कुमार ने किया प्रथम चरण का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

---

**▪ जनगणना-2027 के प्रथम चरण मे मकान सूचीकरण कार्य का ,वार्ड-6 से हुई शुरुआत; नागरिकों से सहयोग की अपील**

---



जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य शनिवार से जिले में विधिवत शुरू हो गया। इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत वार्ड संख्या-6 के एचएलवी नंबर-70 स्थित प्रथम मकान के सर्वेक्षण के साथ की गई।

जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) ने स्वयं मौके पर पहुंचकर जनगणना कार्य का भौतिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्री निरंजन प्रसाद सिंह के आवास पर चल रहे गणना कार्य को देखा तथा वहां उपस्थित प्रगणक श्रीमती अंजलि कुमारी एवं प्रवेक्षक अंविका आनंद से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

डीएम ने जनगणना कर्मियों के साथ-साथ मकान मालिक से भी संवाद कर प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने पूर्णिया वासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना-2027 देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे प्रगणकों और प्रवेक्षकों को सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

निरीक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

पूर्णिया में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, केंद्र व दिल्ली सरकार का पुतला दहन

# शहरी जिला अध्यक्ष कुमार आदित्य बोले—"सांप्रदायिकता और क्षेत्रीयता के खिलाफ जनमत तैयार करेगी कांग्रेस"

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी द्वारा शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन हाल के दिनों में दिल्ली में बिहारी युवक पांडव की कथित नृशंस हत्या और उत्तर प्रदेश में किशनगंज के मौलवी तौशिफ के साथ हुई हिंसक घटना के विरोध में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंबेडकर सेवा सदन से शुरू होकर आर.एन. शॉ चौक तक पहुँचा, जहाँ केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार का पुतला दहन किया गया तथा जमकर नारेबाजी हुई।

इस मौके पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कुमार आदित्य ने केंद्र में रहते हुए प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और भाजपा शासित राज्यों में क्षेत्रीयता एवं सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो देश के संघीय ढांचे और संविधान की भावना के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर इस मुद्दे पर व्यापक जनमत तैयार करेंगे।

कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक सह प्रभारी डॉ. किशोरी लाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शन में निसार अहमद, नीरज कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष विजयेंद्र यादव, दिवाकर यादव, रविन्द्र सिंह,खालिद अंजुम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मुन्नी मरांडी, सुनीता हसदा, बीबी मिन्हाज बेगम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेख शद्दाम सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# प्रवीण सिंह कुशवाहा के निधन से मर्माहत हुए जितेंद्र यादव, बताया अपूरणीय क्षति

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने भागलपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं कहलगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि कुशवाहा का निधन कांग्रेस पार्टी और पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।जितेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली से पटना आने के दौरान हुए सड़क हादसे में प्रवीण सिंह कुशवाहा का असमय निधन हो जाना अत्यंत पीड़ादायक है। इस हादसे में उनके साथ कार में सवार उनकी साली, भतीजा और चालक के गंभीर रूप से घायल होने पर भी उन्होंने चिंता जताई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।उन्होंने कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा एक कर्मठ, जुझारू और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे। संगठन को मजबूती प्रदान करने में उनकी भूमिका हमेशा याद रखी जाएगी। वे एक ईमानदार, मिलनसार और जमीनी नेता के रूप में अपनी अलग पहचान रखते थे और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।जितेंद्र यादव ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य व संबल दें।

# एमआईटी, रामबाग पूर्णिया में श्रमिकों के सम्मान में गूंजा उत्साह, अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भव्य आयोजन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ संस्थान परिवार ने श्रम की गरिमा को किया नमन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह बना आकर्षण का केंद्र**



मिल्लिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), रामबाग पूर्णिया में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. साकिब शकील एवं सभी विभागाध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मिल्लिया तराना प्रस्तुत कर माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. साकिब शकील ने कहा कि श्रमिक किसी भी संस्था और राष्ट्र की असली ताकत होते हैं। उनके समर्पण, ईमानदारी और अथक परिश्रम से ही विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को भी श्रम के महत्व को समझते हुए अनुशासन और मेहनत को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्षों, परीक्षा नियंत्रक एवं फैकल्टी सदस्यों ने भी अपने विचार रखते हुए श्रमिकों को संस्था की नींव बताया और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, कविता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रमिकों के संघर्ष और योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रमिकों और कर्मचारियों का सम्मान समारोह रहा, जिसमें उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से श्रमिकों के चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट झलकता दिखा। संस्थान प्रबंधन ने उनके योगदान के प्रति आभार जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ अष्टयाम-संकीर्तन का शुभारंभ, आयोजन मे शामिक हुए,पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---

**--पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव बोले—धार्मिक आयोजन समाज में बढ़ाते हैं सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा**

---



पूर्णिया जंक्शन के रैक प्वाइंट स्थित बजरंग बली मंदिर में अष्टयाम-संकीर्तन के शुभारंभ के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। जय श्रीराम और बजरंग बली के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।इस धार्मिक आयोजन में सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की।इस अवसर पर जितेंद्र यादव ने कहा कि अष्टयाम-संकीर्तन जैसे आयोजन हमारी सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों के बीच आपसी भाईचारा एवं सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।उन्होंने आयोजन समिति एवं सभी श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने बजरंग बली से सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

# पूर्णिया पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार ,भारी मात्रा में उपकरण व फर्जी कागजात बरामद

## अवैध वेबसाइट के जरिए आधार, वोटर आईडी व बैंक दस्तावेज तैयार करने का पुलिस ने किया खुलासा,

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद किया है , साथ ही लैपटॉप, मोबाइल, फिंगर प्रिंट स्कैनर और प्रिंटर जैसे उपकरण भी जब्त किए गए हैं ।**



पूर्णिया पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पूर्णिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस गोरख धंधे मे शामिल आरोपियों के द्वारा अवैध वेबसाइट के माध्यम से आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी दस्तावेज फर्जी तरीके से बनाए जा रहे थे। इस नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब साइबर क्राइम यूनिट, पटना से पूर्णिया पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई और सूचना के आधार पर पुलिस की जांच शुरू हुई ।

जांच में यह सामने आया कि इस गोरख धंधे मे आरोपी "आधार एनरोलमेंट क्लाइंट सॉफ्टवेयर " का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे थे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई, और पुलिस टीम ने कार्यवाई शुरू की ।

**छापेमारी में क्या मिला:**

पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार एसपी द्वारा गठित पुलिस टीम ने चंपानगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित सुमन कैफे व अन्य स्थानों पर छापेमारी की ,इस दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद किए। इसके साथ ही मौके से लैपटॉप, मोबाइल, फिंगर प्रिंट स्कैनर और प्रिंटर जैसे उपकरण भी पुलिस द्वारा जब्त किए गए। बरामद सामान में बड़ी संख्या में बैंक पासबुक, ATM कार्ड, आधार, EPIC (वोटर आईडी) और राशन कार्ड शामिल हैं। एक फर्जी निवास प्रमाण पत्र के QR कोड की जांच में भी उसके नकली होने की पुष्टि हुई।

**गिरफ्तार आरोपी:**

पुलिस ने इस मामले में छोटू कुमार और विदु कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों चंपानगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं और साइबर कैफे के माध्यम से इस अवैध गतिविधि को अंजाम दे रहे थे।

**एक आरोपी फरार:**

इस कार्यवाई मे मरंगा थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान एक अन्य आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही रही है।

**आगे की कार्रवाई:**

पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है। पूर्णिया पुलिस ने आम लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देंने की अपील की है ।

## जनता दरबार में सुनी गईं समस्याएं, एसपी ने त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**न्यूज़ स्केल केनगर**



पुलिस अधीक्षक पूर्णिया स्वीटी सेहरावत ने शनिवार को आयोजित जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना । इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, आपसी झगड़े, चोरी, साइबर अपराध सहित अन्य मुद्दों को सामने रखा।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित थाना व पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति भरोसा झलकता है। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि शेष मामलों को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया।

## ट्रेन से गिरकर 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिवार में मातम

**न्यूज स्केल भवानीपुर**



भवानीपुर नगर पंचायत के वार्ड 15 स्थित शिशवा गांव के एक व्यक्ति की कटिहार जिले के कुर्सेला में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दिनेश यादव (56 बर्ष) के रूप में हुई है, शिशवा निवासी मुक्ति यादव के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार दिनेश यादव शुक्रवार की संध्या बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे नवगछिया रेल थाना से परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनकी ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन शव को लाने के लिए नवगछिया रवाना हो गए। मृतक के पुत्र संजय कुमार ने बताया कि उनके पिता के शव का पोस्टमार्टम नवगछिया रेल पुलिस के द्वारा कराया जा रहा है।इस संबंध में नवगछिया रेल थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि दिनेश यादव की मौत कुर्सेला में ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुराने विवाद ने लिया खौफनाक मोड़, दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**



बड़हरा कोठी प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हरिराही गांव में चैती दुर्गा मेला के दौरान हुए पुराने झगड़े की रंजिश में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी गई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

घटना शुक्रवार करीब 11 बजे हरिराही-बड़हरा रोड पर जयनगरा तिनमुहानी के पास हुई। घायल युवक की पहचान हरिराही निवासी गुड्डू शर्मा पिता विजय शर्मा के रूप में हुई है। पीड़ित ने अपने ब्यान मे बताया कि वह डीजे गाड़ी से सामान पहुंचाने हरिराही से बड़हरा जा रहा था, तभी अपाची बाइक पर सवार राजेश मालाकार का बेटा रंजीत कुमार और मनखुश कुमार ने उस पर गोली चला दी।

गोली गुड्डू शर्मा के दाहिने बांह में लगते हुए गले में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़हरा कोठी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़हरा कोठी थाना अध्यक्ष संजय कुमार मौके पर सक्रिय हुए और जांच शुरू कर दी गई। वहीं, धमदाहा एसडीपीओ संदीप गोल्डी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन छानबीन की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**पुराने विवाद से जुड़ा है मामला**

स्थानीय लोगों के अनुसार, 28 मार्च को हरिराही चैती दुर्गा मेला के दौरान अजय शर्मा की वीडियो दुकान पर दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। उस समय दोनों पक्षों ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था, लेकिन बाद में आपसी समझौते के बाद मामला शांत हो गया था।

हालांकि, शुक्रवार को उसी पुराने विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया और यह घटना सामने आई।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## मुफस्सिल थाना की कार्रवाई : चोरी की मैजिक गाड़ी समेत कबाड़ सामान बरामद, दो गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल,पूर्णिया**

**पीतल-कांसा के बर्तन, कॉपर तार व मोबाइल सहित भारी मात्रा में स्क्रैप जब्त**



मुफस्सिल थाना पुलिस ने 30 अप्रैल 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई एक मैजिक गाड़ी के साथ भारी मात्रा में कबाड़ सामान बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रेहान अंसारी (19 वर्ष), पिता मनोवर अंसारी एवं साबीर अहमद (33 वर्ष), पिता मो. मुमताज शामिल हैं। दोनों कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के तीनपनिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार बरामद सामान में पीतल एवं कांसा के बर्तन, मोबाइल, रेडिएटर स्क्रैप, कॉपर, मिक्स स्क्रैप, स्क्रैप बर्तन तथा कॉपर तार शामिल हैं। यह सभी सामान चोरी का बताया जा रहा है।

पुलिस ने जब्त वाहन और सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में पूछताछ जारी है तथा अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

## कैंसर से जूझ रहे जीविका के पूर्व डीपीएम तरुण कुमार का निधन,जीविका परिवार में शोक की लहर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**जिला कार्यालय पूर्णिया में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, सभी पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**



जीविका पूर्णिया के पूर्व जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) तरुण कुमार का शनिवार को असामयिक निधन हो गया। वे पिछले करीब 9 माह से कैंसर से जूझ रहे थे और इलाज के दौरान बेंगलुरु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से जीविका परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, तरुण कुमार ने अगस्त 2022 में जीविका पूर्णिया में जिला परियोजना प्रबंधक के रूप में योगदान दिया था। अपने लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी, कर्मठता और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे।

उनके निधन को जीविका परियोजना के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शनिवार को जिला कार्यालय पूर्णिया में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वर्तमान जिला परियोजना प्रबंधक ओम प्रकाश मंडल ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तरुण कुमार जैसा धैर्यवान और सभी कर्मियों के प्रति समान दृष्टिकोण रखने वाला प्रशासक मिलना दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि उनके योगदान और व्यक्तित्व को हमेशा याद रखा जाएगा।

सभा में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने उनके साथ काम करने के अनुभव साझा किए और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। तरुण कुमार अपने पीछे पत्नी और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। अंत में सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## मोबाइल झपटमार गिरफ्तार, दूसरा फरार

**न्यूज स्केल भवानीपुर**



भवानीपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल झपटमारी की घटना सामने आई है। जावे मध्य विद्यालय के समीप दो बदमाशों ने एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद ग्रामीणों की सक्रियता से एक आरोपी को पकड़ लिया , जबकि दूसरा मोबाइल लेकर फरार हो गया। भवानीपुर थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राज कुमार चौधरी ने बताया कि कुशाहा निवासी छोटू मंडल के पुत्र नवीन कुमार के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में जावे निवासी मोहम्मद मुस्ताक उर्फ कारे के 21 वर्षीय पुत्र मोहम्मद एहसान एवं उसके एक सहयोगी पर मोबाइल छीनने का आरोप लगाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक अवर निरीक्षक पप्पू कुमार के नेतृत्व में टीम को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद एहसान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली तथा अपने फरार साथी का नाम भी बताया।थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 105/26 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## कसबा जल जमाव बनी समस्या



कसबा नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों जलजमाव की गंभीर समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। नगर परिषद के लगभग हर वार्ड की सड़कों पर पानी जमा है, जिससे स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों को मजबूरी में गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बरसात के बाद जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और बिगड़ गई है। कई जगहों पर नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

## मक्का खेत में मिला 10 दिनों से लापता युवक का शव, गांव में सनसनी

**न्यूज़ स्केल केनगर**



केनगर थाना क्षेत्र के बनभाग चूनापुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-5 स्थित बनभाग मिस्त्री टोला में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आई। करीब 10 दिनों से लापता 31 वर्षीय युवक का शव उसके घर के पीछे स्थित मक्का के खेत में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान वसीम नदाफ (पिता स्व. शमीम नदाफ) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही केनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लेने ही वाली थी कि मृतक की 65 वर्षीय माता जमीला खातून ने इसका विरोध कर दिया।

परिजनों की ओर से पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि वे अपने पुत्र का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते। इसके बाद पुलिस बिना शव लिये ही लौट गई।

मृतक की माता ने आवेदन में बताया कि उनके चारों पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और उन्हें घर में बंद करके रखना पड़ता है। इनमें से वसीम बीते 10 दिनों से अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को उसका शव घर के पीछे मक्का खेत में मिला।

इस संबंध में केनगर थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि मृतक की माता द्वारा पोस्टमार्टम नहीं कराने का लिखित अनुरोध मिलने के कारण आगे की कार्रवाई नहीं की गई है।घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और माहौल गमगीन बना हुआ है।

## बारात में नहीं जा पाने का सदमा : 19 वर्षीय युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**न्यूज स्केल केनगर**



कृत्यानंद नगर थाना क्षेत्र के परोरा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 07 स्थित सत्संग भवन कामत टोला में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बारात में शामिल नहीं हो पाने से आक्रोशित और विचलित एक 19 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना बीते शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

मृतक की पहचान अमित कुमार मिस्त्री के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी विलास मिस्त्री का पुत्र था। जानकारी के अनुसार, पड़ोस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए अमित बारात के साथ जाने निकला था, लेकिन वाहन में सीट नहीं मिलने के कारण वह केनगर पेट्रोल पंप के पास से ही वापस लौट आया।

घर लौटने के बाद उसका व्यवहार असामान्य हो गया। परिजनों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह आक्रोश और निराशा से उबर नहीं सका। मौका मिलते ही वह घर के अंदर गया और सिलिंग में लगे बांस से रस्सी बांधकर फंदे से लटक गया।

घटना की सूचना मिलते ही केनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। परिजनों के आग्रह पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और अंतिम संस्कार की अनुमति दे दी गई। शनिवार को युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बताया जाता है कि अमित दो बहनों से छोटा और एक भाई से बड़ा था। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणन में तेजी लाने के निर्देश, डीएम अंशुल कुमार ने दिखाई सख्ती

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले में पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणन (लाइफ सर्टिफिकेशन) अभियान को लेकर प्रशासन ने रफ्तार तेज कर दी है। शनिवार को समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में जिलाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंडवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई।



बैठक में सामने आए आंकड़ों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। जिले में कुल 3,58,084 पेंशनधारी पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 2,48,164 लाभार्थियों का ही बायोमेट्रिक सत्यापन हो सका है, जबकि 1,09,920 मामलों में अभी भी प्रक्रिया लंबित है। यह कुल का लगभग 30.70 प्रतिशत है, जो प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

**प्रखंडवार स्थिति पर डीएम की पैनी नजर:** समीक्षा के दौरान पाया गया कि पूर्णिया पूर्व प्रखंड में सबसे अधिक 14,108 मामले लंबित हैं, जो 37.32 प्रतिशत है। इसके अलावा कृत्यानंद नगर (34.36%) और बायसी (32.79%) में भी प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही है। वहीं जलालगढ़ प्रखंड ने 21.25 प्रतिशत लंबित मामलों के साथ बेहतर प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान खींचा।

**आधार मैपिंग और मृत्यु चिह्नन भी चुनौती:** जिले में 4,889 लाभार्थियों का आधार मैपिंग अब भी शेष है, जबकि 2,929 लाभार्थियों को मृत्यु चिह्नित किया जा चुका है। डीएम ने इन मामलों को भी प्राथमिकता से निष्पादित करने के निर्देश दिए।

**01:** एक-तिहाई लाभार्थियों का प्रमाणन अब भी लंबित

**02:** पूर्णिया पूर्व, कृत्यानंद नगर और बायसी में प्रगति धीमी

**03:** जलालगढ़ ने बेहतर प्रदर्शन से बनाई मिसाल

**डीएम का सख्त संदेश– लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जीवन प्रमाणन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पेंशनधारियों के जीवनयापन से जुड़ा संवेदनशील विषय है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों, वार्ड सदस्यों एवं विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे लाभार्थियों को प्रमाणन केंद्रों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

**सीएससी केंद्रों को भी लक्ष्य पूरा करने का निर्देश:** कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) संचालकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकतम प्रमाणन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अभियान को गति दी जाए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रशासन अब अभियान को मिशन मोड में लेकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की दिशा में जुट गया है।

# बारिश से मखाना किसानों के चेहरे खिले, सिंचाई की चिंता घटी



**न्यूज स्केल हरदा/पूर्णिया:**

पिछले पांच दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने केनगर एवं पूर्णिया पूर्व प्रखंड क्षेत्र के मखाना किसानों के बीच खुशी की लहर दौड़ा दी है। अब तक किसान बिजली मोटर और डीजल पंपसेट के सहारे खेतों की सिंचाई कर रहे थे, जिससे लागत भी बढ़ रही थी। बारिश होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में मखाना की खेती तेजी से बढ़ी है। रोपनी से लेकर गुड़ी निकलने तक खेतों में पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में प्राकृतिक वर्षा किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मखाना (लावा) की बढ़ती मांग को देखते हुए अधिक संख्या में किसान इसकी खेती कर रहे हैं।

स्थानीय किसान मनोज यादव, अनुज कुमार भारती और मनोहर कुमार रंजन ने बताया कि समय पर हुई बारिश से फसल की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी।

# पूर्णिया में मजदूर दिवस पर बिपीएसआरए का कार्यक्रम, श्रमिक एकता का संदेश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (बिपीएसआरए) पूर्णिया यूनिट द्वारा लाइन बाजार स्थित एसबीआई के समीप विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक आंदोलन के शहीदों और मेहनतकशों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर "मजदूर एकता जिंदाबाद" के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। बिपीएसआरए बिहार-झारखंड के स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रिन्स सिन्हा ने कहा कि मजदूर दिवस श्रमिकों के संघर्ष, अधिकार और सम्मान का प्रतीक है। पूर्व अध्यक्ष सरोज कुमार ने शहीदों को याद करते हुए युवाओं से संगठन से जुड़ने की अपील की। वहीं कुन्दन कुमार, राहुल कुमार और रमण जी पाठक ने श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष कुणाल गुंजन ने मजदूर वर्ग को समाज की रीढ़ बताते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में कई सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही और श्रमिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# उड़न दस्ता टीम ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था संतोषजनक

**न्यूज स्केल धमदाहा**



पूर्णिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक तृतीय सेमेस्टर परीक्षा के सातवें दिन उड़न दस्ता टीम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व प्रोफेसर डॉ. पटवारी यादव कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बीएनसी डिग्री कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं में रोल नंबर अंकन, परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की सघन जांच की गई। टीम ने निर्देश दिया कि बिना वैध दस्तावेज के किसी भी छात्र को परीक्षा में शामिल नहीं किया जाए।

प्रो. यादव ने महाविद्यालय की विधि-व्यवस्था पर संतोष जताया। खराब मौसम के बावजूद कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनीष कुमार सिंह और केंद्राधीक्षक प्रो. शब्बीर आलम को कदाचार मुक्त एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा कराना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# धमदाहा विधानसभा में भाजपा मंडल बैठकों की तिथियां तय, संगठन मजबूती पर होगा मंथन

**न्यूज स्केल हरदा/पूर्णिया:**



धमदाहा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भाजपा मंडल इकाइयों की बैठकें तिथिवार निर्धारित कर दी गई हैं। विधानसभा संयोजक सुनील भगत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि 4 मई को केनगर मंडल की बैठक सुबह 11 बजे आयोजित होगी। इसी दिन कामाख्या मंडल की बैठक माता कामाख्या मंदिर धर्मशाला में 12 बजे तथा मीरगंज मंडल की बैठक बघवा में अपराह्न 3 बजे होगी। वहीं 5 मई को धमदाहा मंडल की बैठक अध्यक्ष के आवास पर सुबह 11 बजे रखी गई है, जबकि दमगड़ा में भी बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी। संयोजक ने बताया कि सभी मंडलों के नए एवं पुराने प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाया जा सके।

# सड़क काटने से अमौर में जनजीवन प्रभावित , 20 दिनों से हजारों लोग परेशान : वैकल्पिक रास्ते की मांग तेज





**न्यूज स्केल अमौर**

**विधायक अख्तरुल ईमान ने जताई नाराज़गी; जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी**

अमौर प्रखंड के तीयारपाड़ा-नऊवगाछी से रहुआ जाने वाली मुख्य सड़क पर पुलिया निर्माण के लिए खुदाई और अवगमन के लिए वैकल्पिक सडक का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीण पिछले करीब 20 दिनों से भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की इस सम्बन्ध मे लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क काटने से पहले कई बार डायवर्सन बनाने की मांग की गई थी, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। परिणामस्वरूप अब आवागमन पूरी तरह बाधित है। शादी-विवाह के इस सीजन में बारात और मेहमानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को वाहनों को दूर खड़ा कर पैदल आवागमन करना पड़ रहा है।स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा बन गया है, वहीं किसानों की खेती भी प्रभावित हो रही है। खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टर नहीं पहुंच पा रहे, जिससे समय पर खेती का काम बाधित हो रहा है और किसानों में नाराज़गी बढ़ रही है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि उक्त स्थान पर पुलिया निर्माण की आवश्यकता पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए था।मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक अख्तरुल ईमान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बिना डायवर्सन सड़क काटे जाने पर कड़ी नाराज़गी जताई और संबंधित जेई व ठेकेदार से कई सवाल भी किया । विधायक ने कहा कि जनता को परेशानी में डालकर विकास कार्य करना स्वीकार्य नहीं है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इधर, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द पुलिया निर्माण पूरा कर या वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात बहाल नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल यह मामला स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर रहा है।

# रसेली घाट पुल निर्माण में आई बाधाएं दूर करने पहुंचे विधायक अख्तरुल ईमान

**न्यूज स्केल अमौर**



अमौर प्रखंड के रसेली घाट पर निर्माणाधीन पुल कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए शनिवार को विधायक सह एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता परवेज आलम, कार्यपालक अभियंता राकेश कुमार और सहायक अभियंता दिनेश कुमार मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कोचका गांव की सड़क निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका, जबकि इस मुद्दे पर विधानसभा चुनाव के दौरान बहिष्कार भी हुआ था।

रसेली घाट पुल निर्माण में बाधा का मुख्य कारण भूमि मुआवजा बताया गया। कुछ स्पैन निजी जमीन पर बनने के कारण भू-स्वामियों को उचित मुआवजा नहीं मिलने से कार्य रुका हुआ था। इस पर ग्रामीणों और जमीन मालिकों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक ने कहा कि रसेली और खारी पुल क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। राजस्व कर्मियों की हड़ताल के कारण मुआवजा प्रक्रिया प्रभावित हुई, लेकिन 4 मई से काम शुरू होने के बाद भुगतान जल्द किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात से पहले निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही रहड़िया से टीयरपाड़ा और अब्बास चौक तक सड़कों की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर जल्द मुआवजा भुगतान कर कार्य पुनः शुरू कराया जाएगा।

# बेलगच्छी में दूकान का शटर तोड़ तक़रीबन 40 लाख की मोबाइल की चोरी, 219 स्मार्टफोन उडा ले गये चोर – CCTV में कैद हुए तीन चोर

**न्यूज स्केल डगरुआ**

**बारिश और बिजली कटौती का फायदा उठाकर चोरो ने दिया वारदात को अंजाम , पुलिस ने मक्का के खेत से बरामद किए मोबाइल बॉक्स; जल्द गिरफ्तारी का दावा**



पूर्णिया जिले के डगरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बैलगच्छी पूर्व चौक स्थित भरत मोबाइल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक दुकान में 1 मई की रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार इस चोरी की घटना मे अज्ञात चोरों ने करीब 38 से 40 लाख रुपये मूल्य के 219 स्मार्टफोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

दुकान के प्रोपराइटर करण कुमार साह ने बताया कि वे रात करीब 8:15 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। उसी रात तेज बारिश और बिजली कटौती के कारण दुकान का CCTV बंद हो गया, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। हालांकि पास की एक दुकान में लगे कैमरे में तीन संदिग्धों की गतिविधि रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें वे चेहरे ढके हुए पीछे के रास्ते से भागते दिख रहे हैं।

**अगली सुबह चला चोरी का पता**

अगली सुबह दुकान का शटर टूटा मिला और अंदर से iPhone, Vivo, Oppo, Samsung, Motorola, Infinix, Realme, Poco, Redmi, Itel सहित कई कंपनियों के मोबाइल गायब पाए गए। गल्ले से लगभग 15 हजार रुपये नकद भी चोरी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डगरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच मे जुट गयी! अपर पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार गौतम ने बताया कि "घटनास्थल से कुछ दूरी पर चार बोरी मोबाइल बॉक्स और चार्जर बरामद किए गए हैं। CCTV फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी होगी।"पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर शीघ्र कार्रवाई और सामान बरामदगी की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# मजदूर दिवस पर प्रभात फेरी, हक के लिए बुलंद हुई आवाज



**न्यूज स्केल कसबा**

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कसबा क्षेत्र में स्थानीय मजदूरों ने प्रभात फेरी निकालकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। यह प्रभात फेरी अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष सह मजदूर क्रांति संघ के संयोजक बमबम साह के नेतृत्व में आयोजित हुई।

प्रभात फेरी के दौरान बमबम साह ने मजदूरों के हित में सरकार से कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों का सरकारी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए, साथ ही उन्हें मुफ्त बीमा की सुविधा दी जाए और मजदूरी दर में बढ़ोतरी की जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायत और नगर वार्ड स्तर पर विशेष शिविर लगाकर मजदूरों का पंजीकरण कराया जाए। बमबम साह ने कहा कि मजदूर ही देश और दुनिया के विकास की रीढ़ हैं, लेकिन उचित रजिस्ट्रेशन के अभाव में दुर्घटना या मौत की स्थिति में उनके परिवार सरकारी मुआवजे से वंचित रह जाते हैं।

# विश्व मजदूर दिवस पर पूर्णिया में गूंजी श्रमिक एकता की आवाज

**न्यूज स्केल हरदा**




पूर्णिया में 1 मई शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर हिंद खेत मजदूर पंचायत के तत्वावधान में एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए और अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। "मजदूर एकता जिंदाबाद", "दुनिया के मजदूर एक हो" और "लेबर कोड वापस लो" जैसे नारों से शहर गूंज उठा।

रैली गिरजा चौक, थाना चौक और रंगभूमि चौक होते हुए हाउसिंग कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पहुंची, जहां यह सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता सचिव मो. सहीम अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि आज भी मजदूरों से 8 घंटे की बजाय 12 से 14 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जो उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

रामनारायण यादव ने मनरेगा श्रमिकों को 200 दिन रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग उठाई। श्रमिक नेता दिनेश शर्मा ने महिला श्रमिकों की सुरक्षा, बढ़ती घटनाओं पर चिंता और वृद्ध पेंशन में देरी का मुद्दा उठाया। सहाना खातून ने निर्माण कर्मकार बोर्ड का पोर्टल बंद रहने से मजदूरों के वंचित होने की बात कही।

सभा को सुदेश शर्मा, मो. तारीख, मो. हरीश, कैलाश तात्मा, सोनी देवी, ललिता देवी, अजय कुमार शर्मा, विजय लाल शाह, शंभू शर्मा, खंतर पासवान, रुक्मिणी देवी, संजय ऋषि, पप्पू प्लंबर, अनीता देवी, मो. इकराम, टुनटुन महल्दार, वीरेंद्र मेहता, जहांगीर आलम, गोपाल पासवान, संतोष मुनि, नूरजहां खातून, निर्मला देवी और कैलाश मनी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। महिला अध्यक्ष रीता देवी ने प्रवासी श्रमिकों के लिए पेंशन और भत्ता की मांग करते हुए सभी श्रमिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

न्यूज स्केल

e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# बिहार के छह जिलों में हवाई हमले व ब्लैकआउट पर मॉक ड्रिल, तैयारियों को लेकर अलर्ट प्रशासन



**किशनगंज,** (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर बिहार के छह जिलों किशनगंज, पटना, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया और कटिहार में मई के तीसरे सप्ताह में हवाई हमले एवं ब्लैकआउट से संबंधित व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसको लेकर राज्य का आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है और तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में सभी संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मॉक ड्रिल को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सचिव ने बताया कि निर्धारित तिथि पर सभी जिलों में एक साथ सायरन बजाया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त संख्या में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर चौक-चौराहों के साउंड सिस्टम, पुलिस थानों एवं अग्निशमन वाहनों का भी उपयोग किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति भी बनाई जाएगी, जिसमें बिजली विभाग की अहम भूमिका रहेगी। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर तकनीकी बाधाओं से बचें। मॉक ड्रिल के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों का भी परीक्षण किया जाएगा। अस्पतालों में प्राइवेसी कर्टन लगाने एवं आपात स्थिति में मरीजों के त्वरित उपचार की क्षमता का आकलन किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट न फैले, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। लाउडस्पीकर, सोशल मीडिया एवं स्थानीय माध्यमों से लोगों को पहले से जानकारी दी जाएगी कि यह केवल एक अभ्यास है।

असैनिक सुरक्षा के महानिदेशक-सह-आयुक्त डॉ. परेश सक्सेना ने अधिकारियों को मॉक ड्रिल की बारीकियों से अवगत कराते हुए बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पिछले अभ्यास में बेगूसराय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था। मॉक ड्रिल में स्कूल-कॉलेज, दवा व्यवसायी और सामाजिक संगठनों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में सामूहिक प्रतिक्रिया को मजबूत किया जा सके।

जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि सीमांचल के चारों जिलों किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार में विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास के माध्यम से आम लोगों को आपात स्थिति में सतर्क रहने और खुद को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाए जाएंगे। यह मॉक ड्रिल राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली की तैयारियों की बड़ी परीक्षा मानी जा रही है, जिसमें प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू, डीएम ने किया मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण



**कटिहार,** (हि.स.) भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में शनिवार से मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य शुरू हो गया। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने भेड़िया रहिका पहुंचकर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया और प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।डीएम ने बताया कि 2 मई से 4 मई तक प्रगणक अपने क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग और नजरी नक्शा तैयार करेंगे। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मकान गणना से न छूटे और न ही दो बार गिना जाए।जिलाधिकारी के अनुसार 5 मई से 31 मई तक प्रगणक प्रत्येक घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से 33 प्रश्नों की प्रश्नावली भरेंगे। इसमें मकान में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली जाएगी। स्वगणना करने वाले लोगों की आईडी लेकर प्रविष्टियों की पुष्टि भी की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मकान सूची से संबंधित किसी भी समस्या का समय पर समाधान किया जाए। साथ ही प्रगणक एवं सुपरवाइजर को तय समय से पहले कार्य पूरा करने को कहा।डीएम आशुतोष द्विवेदी ने जिलेवासियों से अपील की कि इस राष्ट्रव्यापी कार्य में प्रगणकों को पूर्ण सहयोग दें और प्रश्नावली की सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना की शुद्धता राष्ट्रहित एवं लोकहित की नीति-निर्धारण में उपयोगी होगी।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रगणक, सुपरवाइजर मौजूद रहे।----

# ऐतिहासिक दस्तावेज फर्जीवाड़ा करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**कटिहार,** (हि.स.)।

**कटिहार के तीन मुख्य आरोपी—प्रदुमन कुमार, सुरेश कुमार सिंह और मसीउर रहमान उर्फ मुन्ना खान गिरफ्तार**

--------------------



राजधानी पटना के निबंधन कार्यालय से वर्ष 1940-45 के ऐतिहासिक दस्तावेज चोरी कर जमीन फर्जीवाड़ा करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में कटिहार के तीन मुख्य आरोपियों—प्रदुमन कुमार, सुरेश कुमार सिंह और मसीउर रहमान उर्फ मुन्ना खान—को गिरफ्तार किया गया है।

गांधी मैदान थाना, पटना की सूचना और निशानदेही पर कटिहार पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर इन आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि वे निबंधन कार्यालयों के पुराने रिकॉर्ड रूम में घुसकर दस्तावेज चोरी करते थे और उनके आधार पर फर्जी कागजात तैयार कर जमीन पर अवैध कब्जा या मोटी रकम की वसूली करते थे।आरोपियों ने बताया कि उनका नेटवर्क केवल पटना तक सीमित नहीं था, बल्कि वर्ष 2024 में कटिहार और भागलपुर के निबंधन कार्यालयों में भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया गया। गिरोह विशेष रूप से 1940 के दशक के पुराने और गैर-डिजिटल रिकॉर्ड को निशाना बनाता था, जिससे फर्जी दाखिल-खारिज कराना आसान हो जाता था।

मुख्य आरोपी सुरेश कुमार सिंह पर कटिहार समेत अन्य जिलों में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और स्थानीय संपर्कों की तलाश में जुटी है। इस खुलासे के बाद निबंधन कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# किशनगंज में पुलिस का एक्शन, फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क, वारंटी धराया



**किशनगंज,** (हि.स.)। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशनगंज पुलिस ने फरार अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायालय से निर्गत लंबित इश्तेहार और कुर्की-जब्ती का प्रभावी तामिला किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई कर कई मामलों में फरार अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क की गई। जानकारी के अनुसार, पौआखली थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त आरती मुर्मू के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई।

ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में पॉक्सो कांड के फरार अभियुक्त इतवार बेसरा के खिलाफ भी कुर्की-जब्ती की गई।

कोचाधामन थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के आरोपी नूर आजम उर्फ जलील मुल्ला के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके अलावा गलगलिया एवं पोठिया थाना क्षेत्र में फरार अभियुक्त माधव दास के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के एक अन्य पॉक्सो कांड में फरार आरोपी राजन महतो के विरुद्ध पूर्वी चम्पारण जिले में जाकर विधिवत इश्तेहार तामिल कराया गया। इसी अभियान के तहत मध निषेध अधिनियम से जुड़े एक मामले में फतेहपुर थाना क्षेत्र के वारंटी जमुना हरिजन को गिरफ्तार किया गया।एसपी संतोष कुमार ने बताया कि फरार अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और गंभीर मामलों में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

# किशनगंज में अपहृत युवक सकुशल बरामद, 3.5 लाख फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार



**किशनगंज,** (हि.स.)। । जिले में युवक के अपहरण और फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले में सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत अनिसुर रहमान को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, महीनगांव निवासी अनिसुर रहमान का 30 अप्रैल को दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया था। घटना उस समय हुई जब वह खगड़ा तीन नंबर रेलवे गुमटी के पास चाय पी रहे थे। तभी कुछ लोग पहुंचे और उन्हें जबरन उठाकर महीनगांव पंचायत के नुनिया टोली की ओर ले गए। अपहरण के दौरान अनिसुर रहमान ने किसी तरह अपने परिजन को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल छानबीन शुरू की, हालांकि तब तक आरोपी उन्हें लेकर फरार हो चुके थे।

पीड़िता अफसाना खातून ने इस संबंध में चार नामजद आरोपितों के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि मुख्य आरोपित अब्दुल गफ्फार ने परिजन को फोन कर 3 लाख 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंजर आलम और जाहिद हुसैन (वार्ड सदस्य, महीनगांव) को गिरफ्तार कर लियाहै।

पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का पूर्ण खुलासा कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने 24 घंटे में अपहृत अनीसुर रहमान को किया सकुशल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले में अपहरण के एक मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए अपहृत अनीसुर रहमान को सकुशल बरामद कर लिया।इस दौरान पुलिस ने अपहरण में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे वादिनी अफसाना खातून ने आदर्श थाना किशनगंज में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनके पति अनीसुर रहमान का तीन नंबर रेलवे गुमटी के पास से अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ताओं द्वारा परिजनों से फिरौती की मांग की जा रही थी तथा रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

इस मामले में किशनगंज थाना कांड संख्या 461/26 के तहत बीएनएस की धारा 140(2)/3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत को सुरक्षित बरामद कर लिया।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मो. जाहिर हुसैन (नोनिया टोली) और मंजर आलम (चकला बेलवा कदुबारी) को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अनीसुर रहमान से 3.5 लाख रुपये का बकाया था, जिसे लेकर अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया।

छापेमारी दल में अंचल पुलिस निरीक्षक राजा, सदर थानाध्यक्ष निसार अहमद, जिला आसूचना इकाई की टीम, धनपुरा पिकेट प्रभारी प्रदीप कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# किशनगंज में 8 वर्षीय बच्ची की हत्या, मक्के के खेत से शव बरामद



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले के दिघलबैंक प्रखंड के कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय बच्ची की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिनों से लापता सेली परवीन का शव शनिवार सुबह गांव के समीप मक्के के खेत से बरामद हुआ। वह दुर्गापुर गांव निवासी मो. शकील की पुत्री थी और कक्षा दो की छात्रा थी।

परिजनों के अनुसार, गुरुवार सुबह खेलने निकली बच्ची दोपहर से लापता थी। काफी खोजबीन के बाद शनिवार को उसकी चचेरी बहन ने खेत में शव देखा, जो जाल में लिपटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों ने बच्ची का हाथ टूटा होने की बात कही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हत्या का है, जबकि दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। एफएसएल टीम जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# किशनगंज जूट मिल जमीन घोटाला: फर्जी दाखिल-खारिज और अवैध बिक्री का बड़ा खुलासा



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले में स्थित जूट मिल की बहुमूल्य जमीन को लेकर एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बिहार सरकार और जूट मिल की करोड़ों रुपये की भूमि पर भू-माफियाओं और कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की कथित मिलीभगत से अवैध कब्जा, खरीद-बिक्री और फर्जी दाखिल-खारिज किया गया है। इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**संदिग्ध जमीन हस्तांतरण का मामला:** यह पूरा प्रकरण किशनगंज थाना क्षेत्र के हल्का टेउसा अंतर्गत मौजा सिमलबाड़ी (थाना संख्या-25) से जुड़ा है। यहां खाता संख्या 104, 126, 22 तथा खेसरा संख्या 889, 890 सहित कई भूखंडों पर अवैध रूप से जमीन का हस्तांतरण किए जाने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि यह जमीन 'किशनगंज जूट मिल लिमिटेड' के नाम दर्ज थी, जिसके निदेशक कोलकाता निवासी गौरव बजाज बताए जाते हैं।

**फर्जी दाखिल-खारिज और नियमों की अनदेखी:** सूत्रों के अनुसार, भू-माफियाओं ने अधिकारियों से सांठगांठ कर जूट मिल के पुराने ढांचे को ध्वस्त कराया और जालसाजी के जरिए जमीन को अलग-अलग व्यक्तियों के नाम दर्ज करा दिया। वाद संख्या 3939/2023-24 के तहत अंचल अधिकारी द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जमाबंदी परिवर्तन किए जाने की बात सामने आई है। खास बात यह है कि इस भूमि पर करीब 7 करोड़ रुपये का ऋण भी लिया गया था, बावजूद इसके बिना एनओसी के जमीन का व्यावसायिक उपयोग किया गया।

**जांच और कार्रवाई की मांग**

स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दोषी भू-माफियाओं, सफेदपोशों और अधिकारियों की संपत्तियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि मामला संज्ञान में है और रिपोर्ट आने के बाद सभी पहलुओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अब सबकी नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।

# पश्चिम बंगाल के चार स्मैक सप्लायर गिरफ्तार,1.035 किलो स्मैक, कार और अन्य समान बरामद



**अररिया** (हि.स.)। सीमांचल क्षेत्र में स्मैक के बढ़ते नेटवर्क को तोड़ने के लिए अररिया जिला पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। इसी क्रम में नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार स्मैक सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। यह पहली बार है जब पुलिस ने स्थानीय स्तर पर सप्लाई करने वाले बाहरी नेटवर्क के सप्लायरों तक पहुंच बनाई है।

**सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के मालदा के निवासी:** एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले हैं। इनमें सुजापुर निवासी मो. उमेर अली (21), फतेखानी के मो. रोहित शेख (19), बलुआ चारा के सबीरुल शेख (27) और सदीकुल (19) शामिल हैं। ये सभी अररिया में स्मैक की डिलीवरी देने पहुंचे थे।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज, जेल भेजे गए आरोपी:** पुलिस ने इस मामले में नगर थाना कांड संख्या 230/26 के तहत बीएनएस की धारा 111(4) और एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 21(सी), 25 व 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि इससे पहले 26 अप्रैल को जीरो माइल के पास से एक अन्य आरोपी हैदर की गिरफ्तारी भी की गई थी, जो इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

**एनएच-27 पर छापेमारी, कार से भारी मात्रा में बरामदगी**

पुलिस ने एनएच-27 स्थित न्यू मरंगा ढाबा के समीप पक्की सड़क पर छापेमारी कर चारों आरोपियों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनकी हुंडई कार (डब्ल्यूबी 02 एक्यू 3598) के डैशबोर्ड में रखे टूल बॉक्स से 1 किलो 35 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने मौके से चार मोबाइल फोन, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड समेत अन्य सामान भी जब्त किया।

# भारत-नेपाल कोसी एवं गंडक परियोजनाओं की संयुक्त समिति की 11वीं बैठक सकारात्मक चर्चा के साथ संपन्न हुई

## कोशी बराज पर वाहनों की गति सीमित करने हेतु संरचनात्मक एवं गैर संरचनात्मक उपाय अपनाने पर सहमति बनी

**न्यूज स्केल, सुपौल।**



भारत-नेपाल कोसी एवं गंडक परियोजनाओं की संयुक्त समिति की दो दिवसीय 11वीं बैठक शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच कोसी एवं गंडक परियोजनाओं से सम्बंधित लंबे समय से चले आ रहे विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर विमर्श किया गया।
बैठक में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान सचिव, संतोष कुमार मल्ल एवं नेपाल पक्ष का प्रतिनिधित्व जलश्रोत एवं सिंचाई विभाग के महानिदेशक मित्र बराल ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।
बैठक में पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के 35 कि० मी० नेपाल भाग, कोशी बराज सहित पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के एफल एफलक्स बांध, तटबंधों, वाल्मिकीनगर अवस्थित गंडक बराज क्षेत्र एवं मुख्य पश्चिमी नहर के भागों को शीघ्र अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु नेपाली प्रतिनिधि दल द्वारा सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के बांध पर लगाए गए बिजली के खम्भों को स्थानांतरित करने पर भी सहमति बनी। इसके फलस्वरूप नहर एवं उसकी सेवा पथ के क्रमशः संचालन एवं सम्पोषण कार्य में कठिनाइयों को दूर की जा सकेगी।
वीरपुर परिक्षेत्र के पूर्वी एफलक्स बांध के कोशी वनटप्पू क्षेत्र में वीरपूर परिक्षेत्र में वर्ष 2026 बाढ़ पूर्व कराये जाने वाले कटाव निरोधक कार्य हेतु उपयोग में लाये जाने वाले सामग्री यथा बालू / मिट्टी / सिल्ट के उपयोग पर सहमति बनी। यहां इस बात पर भी सहमति बनी कि कोशी परियोजना अन्तर्गत Leased भूमि का सीमांकान जीपीएस तकनीक एवं स्थल पर भौतिक रूप में एक समय सीमा के अन्दर पूरा कर लिया जाएगा। कोशी वनटप्पू क्षेत्र में कराए जाने वाले कटाव निरोधक एवं बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्रियों एवं वाहनों के दिवा - रात्रि आवागमन पर सहमति बनी।
**बैठक में दोनों देशों के निम्नलिखित प्रतिनिधि सम्मिलित हुए** : भारत सरकारः विदेश मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि प्रथम सचिव (वाणिज्य प्रभाग), भारतीय दूतावास, नेपाल सुमन शेखर, जलशक्ति मंत्रालय से श्री सुनील कुमार (सदस्य, GFCC), पीयूष कुमार त्रिपाठी (सहायक निदेशक-II)।
बिहार सरकारः वरुण कुमार (अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण), ब्रजेश मोहन (अभियंता प्रमुख, मुख्यालय), संजीव शैलेश (मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बीरपुर), अनिल कुमार मंडल (मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा), अवधेश कुमार सिन्हा (अधीक्षण अभियंता, पीएमसी-4) चंद्रशेखर कुमार (स्थानिक अभियंता, नई दिल्ली) एवं प्रशांत सोनी (संपर्क पदाधिकारी, काठमांडू)।

बाढ़ अवधि में कोशी नदी का जलश्राव अत्याधिक रहने पर स्थानीय नागरिकों द्वारा कोशी बराज पर लकड़ी निकालने, मछली मारने इत्यादि अन्य गतिविधियों के कारण बराज के सामान्य संचालन में हो रही बाधा को दूर करने का आश्वासन नेपाली पक्ष के द्वारा दिया गया।
नेपाली पक्ष के द्वारा नेपाल परिक्षेत्र में स्थानीय नगरपालिका एवं ग्राम पालिकओ द्वारा कोशी परियोजना के वाहनों के सड़क पर आवागमन पर लगाए जाने वाले स्थानीय कर को भारत और नेपाल के बीच हुए समझौता के अनुरूप नहीं माना गया एवं इसे रोकने के लिए आवश्यक करवाई करने का आश्वासन दिया गया।
नेपाल सरकार पक्ष द्वारा नेपाल भाग में अवस्थित पश्चिमी कोशी मुख्य नहर तथा वाल्मिकीनगर गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य नहर के कमांड क्षेत्र में कुछ स्थलों पर जल जमाव के निराकरण हेतु जल निकासी की व्यवस्था का अनुरोध किया गया जिसे दोनो देशों के प्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त स्थल निरीक्षण करा कर समुचित कारवाई करने हेतु भारतीय पक्ष के द्वारा सहमति दी गई।
नेपाल प्रभाग में कराए जाने वाले कार्यों की सूची नियमित रूप से उपलब्ध कराने की मांग नेपाली पक्ष के द्वारा की गई। इस पर भारतीय पक्ष ने सहमति जताई और इसे Email के माध्यम से भी उन्हे प्राप्त कराया जाएगा। साथ ही नेपाली पक्ष के मांग के अनुसार उन्हे Satellite Imagery भी प्राप्त कराने पर भारतीय पक्ष ने सहमति जताई।
नेपाली पक्ष ने भारतीय पक्ष से अपेक्षा की कि कोशी नदी का प्रवाह मुख्यतः नदी के केन्द्रीय भाग में रखने का प्रयास किया जाते रहना चाहिए। भारतीय पक्ष ने बताया कि Barrage Gate Operation Manual के अनुसार नदी की धारा को नदी के केन्द्र में रखने का प्रयास किया जाता है। साथ ही इस कार्य हेतु इस वर्ष बाढ़ के पूर्व कोशी बराज के upstream में जमा Shoal Loosening एवं Downstream में 2.50km लम्बा Pilot channel निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।
मानसून अवधि के दौरान जल संचालित Flood Forecasting Model के लिए नेपाल भूभाग के Rainfall एवं नदियों का जलश्राव आंकड़ों को साझा करने हेतु चर्चा हुई जिसकी विस्तृत चर्चा दिनांक 02-05-2026 को निर्धारित दोनो पक्षों की बैठक में होगी।
--------------------

# निर्मली में नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय का शुभारंभ, मुख्य न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**न्यूज स्केल, सुपौल।**

**पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू के आगमन पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, न्यायिक सेवाओं को मिलेगी नई गति**





सुपौल जिले के निर्मली और वीरपुर अनुमंडल के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू निर्मली पहुंचे, जहां स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।
**न्यायालय भवन का शुभारंभ और निरीक्षणः** मुख्य न्यायाधीश ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर न्यायालय भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का मूल उद्देश्य आम जनता को सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराना है। यह नया भवन क्षेत्र के लोगों के लिए न्यायिक सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाएगा।
**जनहित में न्याय व्यवस्था को मजबूत करने पर जोरः** अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनता की आशा और विश्वास का केंद्र होता है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत न्याय व्यवस्था ही लोकतंत्र की वास्तविक आधारशिला है।
**स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं में खुशीः** इस अवसर पर बिहार सरकार के विधि विभाग के अधिकारी, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीएम, एसपी, अधिवक्ता संघ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। अधिवक्ताओं ने इस न्यायालय के प्रारंभ को क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उनका कहना था कि अब स्थानीय स्तर पर ही न्यायिक कार्य तेजी से संपन्न होंगे, जिससे लोगों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। निर्मली व्यवहार न्यायालय का यह उद्घाटन न केवल न्यायिक व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# गरीबों के बीच पॉलिथीन बांटकर सहारा बने लक्ष्मण कुमार झा, विस्थापित परिवारों को दी राहत

**न्यूज स्केल, सुपौल।**



सदर प्रखंड एकम पंचायत में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा ने जरूरतमंद परिवारों के बीच पॉलिथीन का वितरण किया। यह पहल उन गरीब दलित एवं महादलित परिवारों के लिए राहत बनकर सामने आई है, जो हाल ही में रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद बेघर हो गए थे। जानकारी के अनुसार, रेलवे लाइन के किनारे बसे करीब 30 परिवारों को हटाए जाने के बाद वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए थे। बरसात के मौसम में इनकी परेशानी और बढ़ गई थी। ऐसे हालात में लक्ष्मण कुमार झा ने आगे आकर प्रभावित परिवारों के बीच पॉलिथीन बांटकर अस्थायी छत का इंतजाम करने में मदद की।इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे इन सभी परिवारों के पुनर्वास के लिए भी प्रयासरत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को 3 से 5 डिसमिल जमीन का परचा दिलाने के लिए वे लगातार प्रयास करेंगे और इस दिशा में जल्द ठोस पहल की जाएगी।
स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि प्रशासन भी जल्द इन परिवारों के स्थायी पुनर्वास के लिए कदम उठाएगा।

# तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से महिला व युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-27 किया जाम

**न्यूज स्केल, बलुआ बाजार**



भीमपुर थाना क्षेत्र के सुरसर नदी पुलिया के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दादी और पोते को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतकों की पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के पथरहा वार्ड संख्या-1 निवासी सरस्वती देवी और उनके 17 वर्षीय पोते गणेश कुमार के रूप में हुई है। दोनों एक शादी समारोह से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की गति काफी तेज थी और उसने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-27 को जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों की मांग थी कि प्रशासन मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा कार्रवाई का आश्वासन दे। करीब तीन घंटे तक एनएच जाम रहने से यातायात पूरी तरह ठप रहा और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही और अवैध वसूली के आरोप भी लगाए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। भीमपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने में जुटी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक जाम पूरी तरह नहीं हटाया जा सका था। पुलिस ने कहा है कि आवेदन मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

# सुपौल में किराना दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, पीड़ित ने थाने में लगाई गुहार

**न्यूज स्केल, सुपौल।**



सदर थाना क्षेत्र के मुगरार गांव वार्ड संख्या 10 में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक किराना दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे मोटरसाइकिल से जुड़े कीमती सामान और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। पीड़ित दुकानदार गोविंद कुमार ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि 29 तारीख की रात वह अपनी दुकान बंद कर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान का फायदा उठाते हुए दुकान को निशाना बनाया और ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान के भीतर रखे मोटरसाइकिल के स्पेयर पार्ट्स, अन्य कीमती सामान और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार चोरी की यह घटना पूरी तरह सुनियोजित प्रतीत होती है, क्योंकि चोरों ने सामान को व्यवस्थित तरीके से खंगाला और महत्वपूर्ण वस्तुएं ही लेकर गए। 30 तारीख को ग्रामीणों ने फोन कर दुकानदार को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद वे 1 तारीख को अपने घर लौटे और दुकान की स्थिति देखकर दंग रह गए। दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद 2 तारीख को गोविंद कुमार ने सदर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं, इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त है।

# कुनौली में आंधी का कहर : 100 साल पुराना पेड़ गिरा, घर-दुकान क्षतिग्रस्त, बिजली ठप

**न्यूज स्केल, सुपौल।**



जिले के सीमावर्ती क्षेत्र कुनौली में तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचा दी। खासकर वार्ड नंबर 12 और 15 में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां तेज हवाओं के कारण बिजली के तार टूटकर गिर गए और घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।
आंधी की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई स्थानों पर विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वार्ड नंबर 12 स्थित हॉस्पिटल रोड निवासी अजय ठाकुर के घर, दुकान और मत्स्य विभाग द्वारा निर्मित मकान पर करीब 100 साल पुराना पाखेर का पेड़ गिर गया, जिससे भारी नुकसान हुआ।
अजय ठाकुर ने बताया कि आंधी के दौरान वे परिवार के साथ घर के अंदर थे। अचानक तेज आवाज सुनते ही उन्होंने स्थिति की गंभीरता समझी और तुरंत सभी को बाहर निकाल लिया। समय रहते घर खाली कर देने से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है।
घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग अपने-अपने नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। प्रशासन से राहत और मरम्मत कार्य की मांग भी उठने लगी है।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सख्ती, वाहन जांच में तीन नशे में धुत गिरफ्तार

**न्यूज स्केल, सुपौल।**




इंडो-नेपाल सीमा पर शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के तहत डगमारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कामत चौक स्थित मद्य निषेध चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान तीन व्यक्तियों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। मद्य निषेध शाखा के एएसआई सुधीर कुमार के अनुसार, तीनों युवक नेपाल से शराब सेवन कर अलग-अलग बाइकों से भूतहा की ओर आ रहे थे। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध स्थिति में उन्हें रोककर पूछताछ की और ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में तीनों के शराब सेवन की पुष्टि हुई।
इसके बाद पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को सुपौल न्यायालय भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र होने के कारण यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है और रोजाना दोपहिया, तीनपहिया व बसों की सघन जांच की जा रही है, ताकि शराबबंदी कानून का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा सके।
इस कार्रवाई में एएसआई सुधीर कुमार के साथ पुलिस टीम के सदस्य प्रकाश कुमार, अजय कुमार, भेदी राज, कुंदन कुमार, प्रदीप कुमार और हरदेव नारायण चौधरी शामिल थे।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

## आपात स्थिति के लिए 899 प्रगणक व 154 पर्यवेक्षकों का रिजर्व पूल तैयार

**पटना,** (हि.स.)। दानापुर निजामत नगर परिषद के रामजी चक क्षेत्र से जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानों का सूचीकरण एवं गणना) का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने इसे जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव रखेगी।



**जनगणना: विकास की आधारशिला:** जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन के लिए नीति निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। सटीक और अद्यतन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकती है। उन्होंने बताया कि जनगणना से प्राप्त जानकारी भविष्य की योजनाओं को दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

**प्रशासनिक संरचना का निर्धारण:** जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पटना जिले को दो प्रशासनिक इकाइयों में विभाजित किया गया है। पटना नगर निगम क्षेत्र की जिम्मेदारी नगर आयुक्त को सौंपी गई है, जबकि शेष ग्रामीण और अन्य नगर निकाय क्षेत्रों के 40 चार्जों की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी स्वयं प्रधान जनगणना अधिकारी के रूप में निभा रहे हैं। इस विभाजन से कार्य में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी।

**व्यापक तैयारी और संसाधनों की तैनाती:**
जिले में कुल 8,114 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं ताकि हर घर तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। डेटा संग्रहण के लिए 7,963 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। इसके अलावा 1,343 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है, जो प्रगणकों के कार्य की निगरानी करेंगे और गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे।

**आकस्मिक स्थिति के लिए रिजर्व व्यवस्था:**
किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने 899 प्रगणकों और 154 पर्यवेक्षकों का एक रिजर्व पूल भी तैयार किया है। यह व्यवस्था कार्य की निरंतरता बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। इससे जनगणना कार्य बिना बाधा के आगे बढ़ सकेगा।

**नागरिकों से सहयोग की अपील:** जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों के साथ सहयोग करें और सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने स्व-गणना की है, तो प्रगणक को अपना रेफरेंस नंबर अवश्य दें, जिससे सत्यापन प्रक्रिया आसान हो सके। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और केवल सरकारी योजनाओं के निर्माण में ही उपयोग होगी। मीडिया से भी सकारात्मक जागरूकता फैलाने की अपील की गई, ताकि लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, थानाध्यक्षों को दिए गए सख्त निर्देश



**मोतिहारी,** (हि.स.)। आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिले के सभी थानाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के तत्वावधान में हुई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी एवं प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को समय पर नोटिस तामिला सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन हो सके। अनुपस्थित थानाध्यक्षों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित वादों को चिन्हित कर लोक अदालत में भेजने पर जोर दिया गया।

# सीवान में जनगणना 2027 का पहला चरण शुरू, 31 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण

**सीवान,** (हि.स.)। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शनिवार से पूरे जिले में शुरू हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सह प्रधान गणना पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय द्वारा किया गया। यह अभियान 31 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा।



**जनगणना का महत्व**
जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती है, जिससे विकास योजनाओं को सही दिशा मिलती है।

**संग्रहित की जाने वाली जानकारी:** अभियान के तहत 2 से 4 मई तक सभी भवनों पर क्रम संख्या अंकित की जाएगी। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी जुटाएंगे। इसमें मकान की संरचना, उपयोग, परिवार के सदस्यों की संख्या, सामाजिक वर्ग, पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई, ईंधन जैसी सुविधाएं और टीवी, मोबाइल, इंटरनेट व वाहन जैसी संपत्तियों का विवरण शामिल होगा।

**नागरिकों से अपील**
जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी दें। जिन्होंने ऑनलाइन स्वगणना की है, वे अपनी पहचान संख्या अवश्य उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग कर निर्धारण या आरटीआई के लिए नहीं होगा। साथ ही, प्रगणकों को पहचान पत्र और क्षेत्रीय नक्शे उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिससे कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

# हिंदी फिल्म सरकारी मीडियम की शूटिंग हुई पूरी, फिल्म में दिखेंगे बिहार के कलाकार और लोकेशन

**मोतिहारी,** (हि.स.)। हिंदी फीचर फिल्म 'सरकारी मीडियम' की शूटिंग बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। फिल्म की शूटिंग महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर और चन्द्रहिया के आसपास के गांवों में की गई। निर्धारित समय में शूटिंग पूर्ण होने के बाद अब फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य अगले महीने से शुरू किया जाएगा और इसे इसी वर्ष रिलीज करने की योजना है।



फिल्म के मुख्य कलाकार कुमार कन्हैया सिंह और डॉ. तृष्या श्री हैं। इसके अलावा अधिकांश कलाकार बिहार से ही लिए गए हैं, जिनका चयन ओपन ऑडिशन के माध्यम से किया गया। फिल्म में प्रिंस गुप्ता, आयुष पाण्डेय, कमल घिमेरे, रविकांत, गौतम गुलाल और सुकन्या पंडित भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने बताया कि 'सरकारी मीडियम' एक सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म है, जो दर्शकों को एक महत्वपूर्ण संदेश देगी। उन्होंने कहा कि कहानी सुनते ही उन्होंने तय कर लिया था कि फिल्म की शूटिंग बिहार में ही की जाएगी, ताकि स्थानीय कलाकारों को अवसर मिल सके।फिल्म के निर्देशक राज सागर ने कहा कि शूटिंग के दौरान जिला प्रशासन, कला एवं संस्कृति विभाग और बिहार राज्य फिल्म विकास निगम का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता को फिल्म निर्माण के लिए बेहद उपयुक्त बताया।

फिल्म के निर्माण से जुड़े अन्य प्रमुख सदस्यों में आर्ट डायरेक्टर रामू राय, क्रिएटिव डायरेक्टर अनिल कमल चौहान और डीओपी नरेश चंद्र शामिल हैं।

# सीवान में चाकूबाजी, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**सीवान ,** (हि.स.)। सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के पिपरहिया स्थित समाधी बाबा के स्थान के पास शनिवार को हुई चाकूबाजी की घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी स्थिति चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान जलपुरवा गांव निवासी सुमंत सिंह के पुत्र आशुतोष सिंह उर्फ छोटू सिंह, विजय शंकर सिंह के पुत्र सूरज कुमार एवं राजू सिंह के पुत्र आशुतोष सिंह के रूप में हुई है। घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नालंदा जिले से विवाहिता लापता परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)।जिले के छबिलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव से 22 वर्षीय विवाहिता गौरी कुमारी अपने एक बच्चे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है।




घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। परिजन लगातार अपने स्तर से खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है।जानकारी के अनुसार, गौरी कुमारी की शादी वर्ष 2021 में उदयपुर निवासी सत्येंद्र प्रसाद के पुत्र टुन्नी कुमार के साथ हुई थी। दंपति को दो संतानें हैं। बताया जाता है कि 22 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह अपने एक बच्चे के साथ घर से निकली थीं। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उन्हें राजगीर रेलवे स्टेशन के पास देखने की बात कही। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है।परिजनों का कहना है कि गौरी कुमारी बिना किसी जानकारी के घर से निकली थीं, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। परिवार के लोग संभावित स्थानों पर जाकर तलाश कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। घर में मौजूद दूसरे छोटे बच्चे की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है, वहीं परिजन बदहवास हैं। इस संबंध में गौरी कुमारी के पिता कन्हैया प्रसाद ने आज शुक्रवार को छबीलापुर थाना में लिखित आवेदन देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने और गौरी कुमारी व उनके बच्चे की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से त्वरित पहल करने की अपील की है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर डीएम सख्त, नगर निकायों को दिए कई अहम निर्द

**छपरा (सारण),** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निगम छपरा सहित जिले के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कचरा प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास और भूमि चिह्नीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी नगर निकायों में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और कंपोस्ट पिट का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा के दौरान एकमा और परसा बाजार में भूमि चिन्हित होने की जानकारी दी गई, जबकि अन्य निकायों में भी शीघ्र उपयुक्त स्थल चयन का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। जिलाधिकारी ने निकटवर्ती नगर निकायों के लिए क्लस्टर आधारित मॉडल अपनाकर साझा भूमि पर अपशिष्ट प्रबंधन इकाई स्थापित करने का सुझाव दिया।

सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्माण कार्यों हेतु निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा उठाव, नालों की डीप क्लीनिंग और एसटीपी निर्माण के लिए स्थल चयन सुनिश्चित करने को कहा गया। जल्द ही अनुवर्ती बैठक आयोजित की जाएगी।

# मोतिहारी में अवैध मनी लांड्रिंग गिरोह का खुलासा,70 लाख से अधिक कैश बरामद




**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देशन में साइबर पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार नेपाल सहित अन्य देशों से जुड़े पाए गए हैं। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नकदी और डिजिटल करेंसी के अवैध लेनदेन का खुलासा हुआ है।

**छापेमारी में लाखों की नकदी बरामद:** साइबर डीएसपी अभिनव पराशर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घोड़ासहन और ढाका थाना क्षेत्र में कई घंटों तक छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 56 लाख 71 हजार 600 रुपये भारतीय मुद्रा और 13 लाख 67 हजार 810 नेपाली मुद्रा बरामद की। इसके साथ ही चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सुरेन्द्र प्रसाद, विक्रम कुमार, प्रेमसागर कुमार और गंगासागर कुमार शामिल हैं।

**क्रिप्टो एक्सचेंज से 50 करोड़ के लेनदेन का खुलासा:** जांच में सामने आया कि गिरोह ने क्रिप्टो एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिए लगभग 6 मिलियन यूएसडीटी (करीब 50 करोड़ रुपये) का लेनदेन किया है। ये लेनदेन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रहे थे, जिससे इस गिरोह की पहुंच और नेटवर्क का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**दुकानों की आड़ में चलता था काला कारोबार:**
जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी बाजार में सामान्य दुकानों का संचालन करते थे, लेकिन इनके पीछे क्रिप्टो ट्रेडिंग, बैंकिंग ऐप्स और सीएसपी के माध्यम से अवैध लेनदेन किया जाता था। आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन, कैश काउंटिंग मशीन, पॉस मशीन, सीपीयू और कई दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

**जांच जारी, और गिरफ्तारी की संभावना:** डीएसपी अभिनव पराशर ने बताया कि गिरोह के कई बैंक खाते पहले से ही फ्रीज हैं, जो उनकी संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि करते हैं। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और धन के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। छापेमारी टीम में सिकरहना डीएसपी उदय शंकर सहित कई पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

**म्यूल अकाउंट्स के जरिए करोड़ों की हेराफेरी:** पुलिस के अनुसार, यह गिरोह 'म्यूल अकाउंट्स' यानी दूसरों के नाम पर खुले बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहा था। इन खातों के माध्यम से अवैध धन को इधर-उधर ट्रांसफर किया जाता था और क्रॉस-बॉर्डर ट्रांजैक्शन के जरिए नेपाल तक पहुंचाया जाता था।

# डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर 17 लाख की ठगी,साइबर पुलिस ने 3 आरोपितों को दबोचा

**मुजफ्फरपुर,** (हि.स.)। बिहार के मुजफ्फरपुर पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का शुक्रवार को पर्दाफाश किया है। यह कार्रवाई एक पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर की गई, जिसमें वीडियो कॉल के जरिए मानसिक दबाव बनाकर 17 लाख रुपये ठगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुशहरी क्षेत्र के रहनेवाले पीड़ित भोला प्रसाद महतो (73 ) ने अपने आवेदन में बताया कि 5 अप्रैल 2026 से उन्हें अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वीडियो कॉल कर खुद को पुलिस/सीबीआई अधिकारी बताने वाले लोगों ने धमकाना शुरू किया। आरोपितों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाते हुए उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और दबाव बनाकर 10 अप्रैल 2026 को उनके बैंक खाते से आरटीजीएस के जरिए 17 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। आवेदन के अनुसार, रकम ब्रजेश कुमार नामक व्यक्ति के खाते (फेडरल बैंक, भगवानपुर शाखा) में भेजी गई। बाद में 13 अप्रैल को पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने बैंक और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में कांड संख्या 58/26 दर्ज किया गया और वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण, कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों—ब्रजेश कुमार, कृष्णा कुमार और विक्रम कुमार—को गिरफ्तार कर लिया।

**बरामद हुए अहम सबूत**
पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से मोबाइल फोन, चेकबुक, पासबुक और डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि इन खातों का इस्तेमाल देशभर में साइबर ठगी के कई मामलों में किया जा रहा था।

**छापेमारी जारी:** प्रारंभिक जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहा था। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल या वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस/सीबीआई अधिकारी बताने वालों से सावधान रहें और ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# वैदिक घड़ी ने रचा नया कीर्तिमान, 78 लाख से अधिक लोगों तक पहुंची भारतीय कालगणना की पहचान

**भोपाल,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ धाम के पावन परिसर में स्थापित 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' ने अपनी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक आभा से डिजिटल दुनिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अनूठी पहल ने सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर 78 लाख 42 हजार 167 से अधिक लोगों तक अपनी डिजिटल रीच दर्ज कराई है।

जनसम्पर्क अधिकारी अनुराग उइके ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवलोकन से 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को वैश्विक विस्तार मिला है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने गत 29 अप्रैल को वाराणसी प्रवास के दौरान भारतीय संस्कृति और आधुनिक तकनीक के इस संगम का अवलोकन बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के बाद किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वैदिक घड़ी को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत मेल बताया। उनके अवलोकन के बाद सोशल मीडिया पर वैदिक घड़ी को लेकर नया उत्साह देखा गया, जिससे यह देश-विदेश में चर्चा का केंद्र बन गई।

प्रधानमंत्री मोदी के अवलोकन से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर चर्चाओं का ऐसा वातावरण तैयार हुआ कि केवल सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से ही लाखों उपयोगकर्ताओं तक इसकी गूँज पहुँची। प्रधानमंत्री श्री मोदी और अन्य आधिकारिक यूट्यूब चैनलों पर आयोजित लाइव स्ट्रीम को 5,933 दर्शकों ने सीधे देखा। साथ ही राष्ट्रीय समाचार चैनलों पर हुए सीधे प्रसारण ने करोड़ों दर्शकों तक इसकी जानकारी पहुँचाई

सोशल मीडिया के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर हैशटैग #विक्रमोत्सव_वाराणसी भारत के 'ट्रेंडिंग सेक्शन' में नंबर 1 स्थान पर काबिज रहा, जो सनातन संस्कृति और भारतीय कालगणना से जुड़े आयोजनों के लिए एक डिजिटल मील का पत्थर है। 16 से अधिक प्रमुख हैशटैग्स को ट्रैक किया गया, जिनमें #वाराणसी, #विक्रमादित्य_वैदिक_घड़ी और #वैदिक घड़ी जैसे हैशटैग ने लाखों लोगों को आकर्षित किया। इस व्यापक कवरेज ने इस गौरवशाली वैज्ञानिक विरासत को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**भविष्य की योजनाएँ:** इस सफल डिजिटल आउटरीच ने सिद्ध कर दिया है कि नई पीढ़ी अपनी जड़ों और सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक आधारों को जानने के लिए उत्सुक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अनुसार, वाराणसी की सफलता के बाद अब अयोध्या के श्री राम मंदिर सहित देश के सभी प्रमुख ज्योतिर्लिंग परिसरों में ऐसी वैदिक घड़ियाँ स्थापित करने की योजना है, ताकि भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रकाश जन-जन तक पहुँच सके। यह न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारतीय काल-चिन्तन को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ है।




**वैदिक घड़ी ऐप की मुख्य विशेषताएं**

- भारतीय काल गणना: यह ऐप समय को 30 मुहूर्तों में बांटकर दिखाता है, जो सूर्योदय पर आधारित है।
- पंचांग विवरण: तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, और मास की सटीक जानकारी।
- 189+ भाषाएँ: यह ऐप हिंदी, अंग्रेजी सहित 189+ भाषाओं में उपलब्ध है।
- शुभ/अशुभ समय: यह दैनिक 'राहुकाल', 'शुभ मुहूर्त' और 'चौघड़िया' की जानकारी देता है
- **इतिहास:** इसमें महाभारत काल से लेकर अब तक के 7000 वर्षों का पंचांग समाहित है।
- **अलार्म:** आप वैदिक समय के अनुसार अलार्म भी सेट कर सकते हैं।

**विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप**

जिन लोगों को वैदिक घड़ी अपने मोबाइल फोन पर चाहिए तो विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐपवैदिक घड़ी का डिजिटल संस्करण है, जो भारतीय काल गणना (तिथि, नक्षत्र, योग, करण) और 7000 वर्षों का पंचांग दिखाता है। यह ऐप 189+ भाषाओं में उपलब्ध है, जो सूर्योदय-सूर्यास्त, शुभ मुहूर्त और 30 घंटे के समय प्रारूप को एड्राइड-आईओएस पर दिखाता है।वैदिक घड़ी ने रचा नया कीर्तिमान, 78 लाख से अधिक लोगों तक पहुँची भारतीय कालगणना की पहचान

**सांस्कृतिक चेतना का नया संवाहक:** मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा निर्मित इस घड़ी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सादर भेंट किया गया था। 04 अप्रैल 2026 को स्थापित यह घड़ी भारतीय कालगणना, पंचांग, और ग्रहों की स्थिति जैसी जटिल गणनाओं को सरलता से प्रस्तुत करती है।

# स्पिरिट एयरलाइंस 34 साल बाद हुई बंद, सभी उड़ानें रद्द, 17 हजार नौकरियों पर संकट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच अमेरिकी लो-कॉस्ट एयरलाइन Spirit Airlines ने 34 वर्षों बाद अपने परिचालन को तत्काल प्रभाव से बंद करने का ऐलान कर दिया है। कंपनी के इस फैसले से वैश्विक विमानन उद्योग में हलचल मच गई है और हजारों कर्मचारियों के सामने रोजगार संकट खड़ा हो गया है।



**500 मिलियन डॉलर की डील भी रही असफल:** स्पिरिट एयरलाइंस की मूल कंपनी Spirit Aviation Holdings Inc. 500 मिलियन डॉलर की रेस्क्यू डील हासिल करने में नाकाम रही। इस असफलता ने पहले से वित्तीय संकट झेल रही कंपनी की स्थिति और कमजोर कर दी, जिसके बाद परिचालन बंद करने का फैसला लेना पड़ा।

**17 हजार कर्मचारियों पर संकट**

कंपनी के बंद होने से करीब 17 हजार कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ गई हैं। विमानन क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस फैसले से लो-कॉस्ट एयरलाइन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा घटेगी, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ेगा।

हवाई किराया बढ़ने के संकेत मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पिरिट एयरलाइंस के अचानक बंद होने से बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया है। इसका असर हवाई किराए पर दिखने लगा है, जो तेजी से बढ़ रहे हैं। अन्य एयरलाइंस कंपनियां अब इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए अपनी सेवाएं बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन यात्रियों को फिलहाल असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**बेलआउट नहीं मिलने से बंद हुआ परिचालन:** एयरलाइन ने शनिवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि व्हाइट हाउस से संभावित आर्थिक सहायता (बेलआउट) नहीं मिल पाने के कारण उसे यह कठोर निर्णय लेना पड़ा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और ग्राहक सेवाएं भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई हैं।

# कोलकाता के एक स्ट्रॉन्ग रूम में तृणमूल का हंगामा, चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के आरोपों को खारिज किया

**कोलकाता,** (हि.स.)। दक्षिण कोलकाता स्थित खुदीराम अनुशीलन केंद्र में कथित संदिग्ध गतिविधियों को लेकर गुरुवार शाम राजनीतिक तनाव बढ़ गया। तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद माहौल गरमा गया। हालांकि, भारतीय निर्वाचन आयोग ने रात में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी आरोपों को खारिज कर दिया।



**तृणमूल नेताओं का धरना और आरोप:** तृणमूल उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा केंद्र के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में विजय उपाध्याय भी उनके साथ शामिल हुए। नेताओं ने आरोप लगाया कि स्ट्रॉन्ग रूम के भीतर संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं और लाइव स्ट्रीमिंग में बैलेट पेपर से छेड़छाड़ जैसी बातें दिख रही हैं।

भाजपा उम्मीदवारों की मौजूदगी से बढ़ा तनाव इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार तापस राय और संतोष पाठक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने चुनाव अधिकारियों से बातचीत की और बाद में वहां से लौट गए। दोनों पक्षों की मौजूदगी से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

**निर्वाचन आयोग का स्पष्टीकरण**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि स्ट्रॉन्ग रूम पूरी तरह सुरक्षित और सील है। उन्होंने बताया कि वहां केवल पोस्टल बैलेट को अलग करने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसकी जानकारी पहले ही उम्मीदवारों को दी गई थी। वीडियो देखकर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

**ममता बनर्जी का दौरा और आयोग की प्रतिक्रिया:** शाम के समय ममता बनर्जी भी सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचीं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार को वहां जाने का अधिकार है और इसमें आयोग को कोई आपत्ति नहीं है।

# मप्र के जबलपुर बरगी डैम क्रूज हादसे में लापरवाही आयी सामने, यात्रियों को नहीं दिए लाइफ जैकेट, रेस्क्यू में भी हुई देरी

**भोपाल/जबलपुर,** (हि.स.)।

**47 लोग सवार थे, लेकिन सिर्फ 29 यात्रियों के टिकट जारी किए गए**

--------------

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम तेज आंधी के दौरान पर्यटन विभाग का क्रूज डूबने से बड़ा हादसा हो गया। अब तक 9 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 29 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। तीन बच्चों सहित 4 लोग अभी भी लापता हैं। सामने आए वीडियो में स्पष्ट हुआ है कि यात्रियों को पहले से लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। हादसे के दौरान घबराए लोगों ने खुद कैबिन से सील पैक जैकेट निकालकर पहनने की कोशिश की।



**मौसम चेतावनी के बावजूद नहीं रोका गया क्रूज:** मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बावजूद क्रूज को रवाना किया गया। शुरुआती वीडियो में यात्री मस्ती करते दिखते हैं, जबकि दूसरे वीडियो में तेज आंधी, ऊंची लहरें और बिगड़ते हालात नजर आते हैं। स्थिति गंभीर होने के बावजूद क्रूज को समय रहते किनारे लाने का प्रयास नहीं किया गया।

**रेस्क्यू में देरी और टिकट में गड़बड़ी:** हादसा शाम 6 बजे हुआ, लेकिन राहत दल समय पर नहीं पहुंच पाया। वाहन स्टार्ट न होने और संसाधन शिफ्ट करने में देरी से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। क्रूज पर करीब 47 लोग सवार थे, जबकि टिकट केवल 29 के जारी किए गए थे, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है।

**सरकार सख्त, जांच और कार्रवाई शुरू:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यभर में सभी क्रूज और वॉटर स्पोर्ट्स पर रोक लगा दी है। सेफ्टी ऑडिट के बाद ही संचालन की अनुमति होगी। जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। वहीं, क्रूज पायलट, हेल्पर समेत कई कर्मियों को हटाया गया और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# आरेडिका रायबरेली में बना पहले वंदे भारत ट्रेनसेट डायनेमिक टेस्टिंग के लिए रवाना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) ने शनिवार को अपने पहले 16 कोच वाले वंदे भारत एक्सप्रेस चेयर कार ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग और फील्ड ट्रायल के लिए रवाना कर नया इतिहास रच दिया। इसके साथ ही आरेडिका ने वंदे भारत ट्रेन निर्माण में औपचारिक एंट्री दर्ज कर ली है। रेल मंत्रालय के अनुसार यह ट्रेन उन्नत सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से लैस है और नियमित सेवा से पहले इसका ऑसिलेशन परीक्षण किया जाएगा, जिससे राइड क्वालिटी, सुरक्षा और प्रदर्शन का आकलन होगा। ट्रेन में आरामदायक सीटें, सील्ड गैंगवे और ऑटोमैटिक प्लग डोर जैसी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। सुरक्षा के लिए स्वदेशी 'कवच' प्रणाली, अग्नि पहचान तंत्र और उन्नत सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं। यह ट्रेन दिव्यांगजन-अनुकूल भी है। रायबरेली में तैयार यह ट्रेनसेट भारतीय रेलवे के आधुनिक और सुरक्षित परिवहन लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट से डीआरजी के तीन जवान बलिदान, एक घायल

**कांकेर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में शनिवार को डी-माइनिंग और एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में तीन जवानों ने वीरगति पाई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर हुई।



अभियान के दौरान आईईडी को निष्क्रिय करते समय अचानक विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में कांकेर डीआरजी के चार जवान आ गए। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा और कॉन्स्टेबल संजय गढ़पाले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल जवान परमानंद कोमरा को इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि माओवादियों द्वारा छिपाए गए आईईडी लगातार बरामद किए जा रहे हैं, लेकिन यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# हैदराबाद में 6,000 लोगों ने एक साथ किया भुजंगासन, बना एशिया रिकॉर्ड

**।हैदराबाद** (हि.स.)।हैदराबाद में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती के तहत कान्हा शांति वनम में एक उल्लेखनीय आयोजन हुआ, जहां करीब 6,000 लोगों ने एक साथ 'भुजंगासन' कर नया एशिया रिकॉर्ड बनाया। यह कार्यक्रम मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से निर्धारित समय तक आसन कर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया।



इस आयोजन का उद्देश्य केवल रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि योग को दैनिक जीवन में अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि वर्चुअल रूप से जुड़े, जबकि देश-विदेश के योग साधकों और शरणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कमलेश पटेल के निर्देशन में सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

# अमेरिका ने ईरान से परमाणु हथियार न रखने गारंटी मांगी

**वाशिंगटन, (हि.स.)**
अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि तेहरान को शांति चाहिए तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कभी भी परमाणु हथियारों का विकास या निर्माण नहीं करेगा। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि यह शांति की पहली और अनिवार्य शर्त है।

व्हाइट हाउस में दिए गए बयान में ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। उनके अनुसार ईरान की नौसेना, वायुसेना और सैन्य नेतृत्व पहले ही कमजोर हो चुके हैं। ट्रंप ने कहा, "हमने सब कुछ तबाह कर दिया है। अगर हम अभी वहां से हट जाएं तो उन्हें फिर से खड़ा होने में कम से कम 20 साल लगेंगे, और इसमें भी संदेह है कि वे सफल होंगे।"

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका इस संघर्ष में रणनीतिक बढ़त पर है और अब वह निर्णायक परिणाम चाहता है। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान को परमाणु संवर्धन गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त करने की गारंटी देनी होगी। उन्होंने दावा किया कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है, हालांकि बातचीत की वास्तविक स्थिति सीमित लोगों को ही पता है।

ट्रंप प्रशासन के अनुसार ईरान की आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो रही है और उसकी मुद्रा ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। इसका प्रभाव उसके सैन्य और राजनीतिक निर्णयों पर भी पड़ रहा है।

इस बीच, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग को बंद करने की धमकी दी है, हालांकि उसने भारत सहित कुछ देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया है।

दूसरी ओर, अमेरिका के भीतर इस नीति को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। कुछ अधिकारी सैन्य कार्रवाई के पक्ष में हैं, जबकि कई नेता इसे आर्थिक संसाधनों की बर्बादी और वैश्विक अस्थिरता का कारण मानते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इस संघर्ष में अमेरिका अब तक भारी आर्थिक खर्च कर चुका है।

इसी बीच रूस इस विवाद में मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है, जबकि ईरान अपनी सैन्य तैयारियों को और मजबूत कर रहा है और नए हथियारों का प्रदर्शन कर रहा है।



## नेपाल के सल्यान पुलिस कार्यालय परिसर की खुदाई में 86 सॉकेट बम मिले

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के सल्यान जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां जिला पुलिस कार्यालय परिसर में निर्माण कार्य के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। यह बरामदगी उस समय हुई जब भवन निर्माण के लिए नींव की खुदाई का काम चल रहा था। पुलिस के अनुसार, शनिवार पूर्वाह्न 11:20 बजे तक कुल 86 सॉकेट बम बरामद किए जा चुके थे, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

जिला पुलिस कार्यालय सल्यान के प्रमुख डीएसपी डॉ. हेमबहादुर केसी ने बताया कि यह सभी विस्फोटक सामग्री शारदा नगरपालिका स्थित पुलिस परिसर में खुदाई के दौरान मिली। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर निर्माण कार्य के दौरान जमीन के अंदर संदिग्ध वस्तु दिखाई दी थी, जिसके बाद एहतियात के तौर पर खुदाई का कार्य शुरू किया गया। खुदाई के दौरान न केवल सॉकेट बम मिले, बल्कि 7 रेडियो वेव उपकरण, लगभग 500 ग्राम विस्फोटक पदार्थ,



करीब 2 किलोग्राम बम बनाने में प्रयुक्त सामग्री और लगभग 10 मीटर लंबी फायरिंग केबल भी बरामद की गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं और मौके पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई। प्रारंभिक जांच के लिए पुलिस टीम भेजी गई, जिसके बाद नेपाली सेना को भी बुलाया गया। नेपाली सेना के मेजर कृष्ण क्षेत्री के नेतृत्व में एक विशेष टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आगे की खुदाई में जब अतिरिक्त 10 सॉकेट बम और मिले, तब मामले की गंभीरता को देखते हुए बम निष्क्रिय करने के लिए विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया।

पुलिस ने बताया कि दांग जिले से सेना की बम डिस्पोजल टीम को बुलाया गया है, जो मौके पर पहुंचकर सभी विस्फोटक सामग्रियों को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। शनिवार सुबह से ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की टीमें स्थल पर तैनात हैं और पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि ये विस्फोटक सामग्री काफी समय पहले यहां छिपाकर रखी गई हो सकती है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इन बमों को यहां किसने और किस उद्देश्य से रखा था। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

## नेपाल में अतिक्रमण हटाने को आज भी चला बालेन का बुलडोजर अभियान

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल की राजधानी काठमांडू में अतिक्रमण हटाने का अभियान शनिवार को भी लगातार जारी रहा। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासन ने इस कार्रवाई को और तेज कर दिया है, जिसके तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को हटाया जा रहा है।

सरकार ने इस अभियान का दायरा बढ़ाते हुए अब नदी किनारों और सार्वजनिक भूमि पर बने अतिक्रमण को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में शनिवार को बालाजु और माछापोखरी क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई, जहां बुलडोजरों की मदद से अवैध ढांचों को हटाने का काम शुरू हुआ। इन इलाकों में लंबे समय से सार्वजनिक जमीन पर बने घर, दुकानें और अस्थायी संरचनाएं प्रशासन के निशाने पर थीं।

यह अभियान स्थानीय प्रशासन, सुरक्षा बलों और संबंधित सरकारी निकायों के समन्वय से चलाया जा रहा



है। अधिकारियों के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस जारी कर हटने का निर्देश दिया गया था।

प्रशासन का कहना है कि यह कदम न केवल अतिक्रमित जमीन को सरकारी नियंत्रण में वापस लेने के लिए उठाया गया है, बल्कि नदी किनारों पर बसे इलाकों में संभावित प्राकृतिक जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से भी यह जरूरी है। बरसात के मौसम में बाढ़ और भू-स्खलन की आशंका को देखते हुए सरकार इन संवेदनशील क्षेत्रों को खाली कराना चाहती है।

गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को बल्खु, बंशीघाट और गोंगबु समेत कई इलाकों में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी। इन स्थानों पर भी बड़ी संख्या में अवैध माने गए ढांचों को ध्वस्त किया गया था, जिससे स्थानीय स्तर पर हलचल मच गई थी।

अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा तथा अन्य इलाकों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने तीन और अध्यादेश जारी किये



राष्ट्रपतिको कार्यालय

राष्ट्रपति भवन
महाराजगञ्ज, काठमाडौं, नेपाल ।

विज्ञप्ति

सम्माननीय राष्ट्रपति श्री रामचन्द्र पौडेलज्यूले नेपालको संविधानको धारा ११४ को उपधारा (१) बमोजिम नेपाल सरकार, मन्त्रिपरिषद्को सिफारिसमा देहायका अध्यादेशहरू जारी गर्नु भएको छ:

| क.सं. | अध्यादेशको नाम | जारी भएको मिति |
|---|---|---|
| १. | स्वास्थ्य विज्ञान प्रतिष्ठान सम्बन्धी केही नेपाल ऐनलाई संशोधन गर्ने अध्यादेश, २०८३ | २०८३/०१/१९ |
| २. | सार्वजनिक पदाधिकारीको पदमुक्ति सम्बन्धी विशेष व्यवस्था अध्यादेश, २०८३ | २०८३/०१/१९ |
| ३. | विश्वविद्यालय सम्बन्धी केही नेपाल ऐनलाई संशोधन गर्ने अध्यादेश, २०८३ | २०८३/०१/१९ |

२०८३ साल वैशाख १९ गते शनिवार ।
ने.सं. ११४६ बछलागा: प्रतिपदा ।

(रितेशकुमार शाक्य)
प्रवक्ता

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने सरकार की सिफारिश पर तीन और अध्यादेशों पर हस्ताक्षर कर उन्हें जारी कर दिया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति भवन में लंबित आठ में से छह अध्यादेश लागू हो चुके हैं, जबकि दो अब भी लंबित हैं। जारी अध्यादेशों में स्वास्थ्य विज्ञान प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालयों से जुड़े कानूनों में संशोधन तथा सार्वजनिक पदाधिकारियों की पदमुक्ति संबंधी विशेष व्यवस्था शामिल है। इन प्रावधानों से पूर्व सरकारों द्वारा की गई राजनीतिक और संवैधानिक नियुक्तियों को एक साथ समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## यूएई ने नागरिकों के ईरान, लेबनान, इराक यात्रा रोकी



**अबू धाबी, (हि.स.)**
संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए अपने नागरिकों के ईरान, लेबनान और इराक जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। मंत्रालय ने विदेशों में मौजूद यूएई नागरिकों से भी तुरंत वापस लौटने की अपील की है। अमेरिका-ईरान तनाव और क्षेत्रीय संघर्ष के बीच खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे यूएई की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति पर भी असर पड़ा है।

## कीर्तिवर्धन सिंह प्रवासन समीक्षा मंच नेतृत्व करेंगे




**नई दिल्ली, (हि.स.)**
विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह 4 से 8 मई तक अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले दूसरे अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह मंच संयुक्त राष्ट्र महासभा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है और प्रवासन से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का प्रमुख अंतर-सरकारी मंच है।

आईएमआरएफ का उद्देश्य प्रवासन पर वैश्विक समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और इसे सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ना है। यह 2022 में हुए पहले आईएमआरएफ की अगली कड़ी है, जिसमें भारत ने सक्रिय भागीदारी निभाई थी।

इस बार कार्यक्रम में चार बहु-हितधारक गोलमेज सम्मेलन, एक नीतिगत बहस और एक पूर्ण सत्र शामिल होंगे। इसके अंत में एक प्रगति घोषणा अपनाई जाएगी।

सिंह पूर्ण सत्र में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य देंगे और 'प्रवासन शासन में डिजिटल नवाचार' विषय पर भारत के ई-माइग्रेट अनुभव को साझा करेंगे। यात्रा के दौरान वे संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों और अन्य देशों के मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

## नेपाल के बनेपा में चण्डेश्वरी जात्रा उत्सव की धूम

**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के काभ्रे जिले के बनेपा में इन दिनों पारंपरिक चण्डेश्वरी जात्रा (चण्डेश्वरी यात्रा) बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। हर वर्ष चण्डी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह जात्रा तीन दिनों तक चलती है, जिसमें स्थानीय नेवार समुदाय सहित विभिन्न जातियों की सक्रिय भागीदारी रहती है।

जात्रा के पहले दिन सुबह 'मत पूजा' या चिराग यात्रा निकाली जाती है। इसमें थिमे, नाख्विं और छुस्याल जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ श्रद्धालु अपने घरों से चिराग लेकर बनेपा के लायकू में एकत्र होते हैं और वहां से जलेश्वर महादेव तक जाकर चिरागों का विसर्जन करते हैं। इसके बाद तीन दिनों तक पूरे नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है तथा हर घर में भोज-भंडार किए जाते हैं। परंपरा के अनुसार घरों की विशेष सफाई और शुद्धिकरण किया जाता है। जात्रा के दौरान हनुमान ढोका से लाई गई तलवार के साथ सरकारी पूजा भी होती है। बुजुर्ग लोग टोलों में बैठकर भजन-कीर्तन करते हैं, जबकि गलियां श्रद्धालुओं से भर जाती हैं।

जात्रा के दिन तीनधारा में बिना पहिए वाला विशेष खट (रथ) तैयार किया जाता है, जिसे बलि और पूजा के बाद युवाओं द्वारा कंधों पर उठाकर चण्डेश्वरी मंदिर तक ले जाया जाता है। लोग घरों की खिड़कियों से प्रसाद अर्पित करते हैं।

पूर्णिमा के बाद रथ को बकुटोल क्षेत्र ले जाकर देवी से जुड़े पौराणिक प्रसंगों के अनुसार पूजा की जाती है। अंत में मूर्ति को पुनः चण्डेश्वरी मंदिर ले जाकर जात्रा का समापन किया जाता है।

## विदेश सचिव काठमांडू जाकर पीएम को भारत आने का निमंत्रण देंगे

**काठमांडू, (हि.स.)**
भारत और नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री का नेपाल दौरा तय हो गया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राई के औपचारिक निमंत्रण पर मिस्री 11 और 12 मई को काठमांडू का दो दिवसीय दौरा करेंगे। इस संबंध में नेपाल के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक जानकारी साझा की है।

नेपाल में बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्चस्तरीय कूटनीतिक दौरा माना जा रहा है। ऐसे में इस यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के अनुसार, विदेश सचिव मिस्री 11 मई को



काठमांडू पहुंचेंगे और वहां विभिन्न उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे।

अपने दौरे के दौरान मिस्री नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल, वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले और ऊर्जा मंत्री विराज भक्त श्रेष्ठ से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने के साथ भी उनकी बैठक प्रस्तावित है। इन बैठकों में द्विपक्षीय सहयोग, व्यापार, ऊर्जा और क्षेत्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है।

इस दौरे में भारत के विदेश मंत्रालय के नॉर्थ डेस्क के प्रभारी अतिरिक्त सचिव मनु महावार भी मिस्री के साथ रहेंगे, जो वार्ताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में नई दिल्ली आए नेपाल के पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान स्वयं मिस्री ने अपने संभावित नेपाल दौरे का संकेत दिया था। उन्होंने नेपाल की नई सरकार के साथ हर क्षेत्र में सहयोग जारी रखने और द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई थी।

# साउदी : पावरप्ले में विकेट नहीं तो मुश्किल



**हैदराबाद, (हि.स.)** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले केकेआर के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने टीम की तैयारियों और रणनीति पर बात की। उन्होंने कहा कि बीच का ब्रेक खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद रहा और इससे वे तरोताजा होकर लौटे हैं। ब्रेक से पहले लगातार दो जीत ने टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया है, जिसे आगे जारी रखने की कोशिश होगी।

साउदी ने एसआरएच की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को बड़ी चुनौती बताया और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों को पावरप्ले में जल्दी विकेट निकालने होंगे, क्योंकि शुरुआती सफलता ही मैच का रुख तय करती है।

पथिराना की उपलब्धता पर उन्होंने कहा कि वह फिट हैं और अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन अंतिम फैसला पिच और परिस्थितियों को देखकर लिया जाएगा। साउदी ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम और छोटे मैदानों को बल्लेबाजों के पक्ष में बताया, हालांकि कहा कि गेंदबाज भी सही रणनीति से प्रभाव डाल सकते हैं।

# आईपीएल 2026 : चेन्नई सुपर किंग्स की शानदार जीत, मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हराया

**चेन्नई, (हि.स.)**। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ चेन्नई ने इस सीजन में मुंबई पर दूसरी बार जीत दर्ज की है, जिससे टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।

चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। मुंबई की ओर से नमन धीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इसके अलावा रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया।

चेन्नई की गेंदबाजी भी काबिल-ए-तारीफ रही। अंशुल कम्बोज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि नूर अहमद ने 2 बल्लेबाजों को पवेलियन



भेजा। अन्य गेंदबाजों ने भी सधी हुई गेंदबाजी कर मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोके रखा।

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने जल्दी एक विकेट गंवा दिया। लेकिन इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाला। उन्होंने पहले उर्विल पटेल के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की और फिर कार्तिक शर्मा के साथ नाबाद 98 रन की मैच जिताऊ साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

गायकवाड ने संयमित और जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। वहीं कार्तिक शर्मा ने भी शानदार फॉर्म दिखाते हुए 40 गेंदों पर नाबाद 54 रन की पारी खेली। अंत में कार्तिक ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

चेन्नई ने 18.1 ओवर में 2 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह जीत टीम के संतुलित प्रदर्शन का उदाहरण रही, जिसमें गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों ने अहम भूमिका निभाई।

# मैड्रिड ओपन 2026 : अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**मैड्रिड, (हि.स.)** स्पेन की राजधानी में जारी Madrid Open में जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी Alexander Zverev ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज ज्वेरेव ने शुक्रवार देर रात खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में बेल्जियम के युवा खिलाड़ी Alexander Blockx को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराया।



अब खिताबी मुकाबले में ज्वेरेव का सामना विश्व नंबर-1 Jannik Sinner से होगा, जिससे फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। मैच के बाद ज्वेरेव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि फाइनल में पहुंचना उनके लिए खास है और वह सिनर के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने माना कि इस समय सिनर शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन फाइनल में वह कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी कोशिश करेंगे।

मुकाबले की बात करें तो ज्वेरेव ने शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखा। पहले सेट में उन्होंने पहले और पांचवें गेम में सर्विस ब्रेक कर 5-1 की मजबूत बढ़त बना ली। हालांकि ब्लॉक्स ने संघर्ष करते हुए कुछ सेट प्वाइंट बचाए, लेकिन ज्वेरेव ने चौथे मौके पर सेट अपने नाम कर लिया। उनका सर्व और ग्राउंड स्ट्रोक दोनों ही बेहद प्रभावी रहे।

दूसरे सेट में मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धी रहा। ब्लॉक्स ने बेहतर खेल दिखाते हुए कई ब्रेक प्वाइंट बचाए और ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी। लेकिन अनुभव आखिरकार काम आया और ज्वेरेव ने 6-5 की बढ़त बनाते हुए निर्णायक ब्रेक हासिल कर लिया। इसके बाद उन्होंने सर्विस होल्ड करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ ज्वेरेव ने इस सत्र में पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले वह 2018 और 2021 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का खिताब जीत चुके हैं। अब वह तीसरी बार ट्रॉफी जीतकर अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ने के इरादे से फाइनल में उतरेंगे।

# टी20 विश्व कप 2026 टीम घोषित, नंदिनी शामिल



**नई दिल्ली, (हि.स.)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। 15 सदस्यीय टीम में युवा तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा को पहली बार शामिल किया गया है, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और दिल्ली कैपिटल्स के लिए 17 विकेट लिए थे।

टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में है, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। टीम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। यास्तिका भाटिया और राधा यादव की वापसी हुई है, जबकि कुछ खिलाड़ियों को बाहर रखा गया है।

भारतीय टीम हालिया टी20 प्रदर्शन में संघर्ष कर रही है, लेकिन वर्ल्ड कप को लेकर उम्मीदें बरकरार हैं। टीम ने स्पिन विभाग को मजबूत किया है जिसमें प्रमुख रूप से दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी शामिल हैं। भारत अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स जैसी टीमें हैं।

# आईपीएल 2026 : राहुल बने ऑरेंज कैप लीडर, आर्चर पर्पल कैप में दूसरे

**नई दिल्ली, (हि.स.)** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ लगातार रोमांचक होती जा रही है। शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद दोनों सूचियों में बड़े बदलाव देखने को मिले। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली है, जबकि गेंदबाजी में भी प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है।



**ऑरेंज कैप की रेस में राहुल सबसे आगे**

दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल इस सीजन बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अब तक 433 रन बनाकर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया है। उनकी 152* रनों की विस्फोटक पारी के अलावा 92, 75 और 57 रन की अहम पारियां टीम के लिए निर्णायक साबित हुई हैं।

इससे पहले शीर्ष पर मौजूद राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी इस मैच में केवल 4 रन बना सके और चौथे स्थान पर खिसक गए।

वहीं अभिषेक शर्मा (425 रन) और हेनरिक क्लासेन (414 रन) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

**अन्य बल्लेबाजों की स्थिति**

इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल भी कुछ खास नहीं कर सके और 312 रन के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए। इसके अलावा विराट कोहली, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ईशान किशन और प्रभसिमरन सिंह जैसे बल्लेबाज भी शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। इन खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार कड़ी होती जा रही है।

**पर्पल कैप की जंग भी दिलचस्प**

**भुवनेश्वर कुमार 17 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं। जोफ्रा आर्चर 15 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर पहुंचे। कागिसो रबाडा और अंशुल कंबोज 14-14 विकेट के साथ दौड़ में हैं, जिससे पर्पल कैप की जंग बेहद रोमांचक बनी हुई है।**

# आईपीएल 2026 : जॉश इंग्लिस मुंबई पहुंचे, 4 मई को एलएसजी के लिए खेल सकते हैं

## इंग्लिस मुंबई पहुंचे, एलएसजी खेलेंगे

**मुंबई, (हि.स.)** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज़ जॉश इंग्लिस भारत पहुंच चुके हैं और मुंबई में टीम के साथ जुड़ गए हैं। अब वह 4 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।



इंग्लिस की उपलब्धता को लेकर इस सीज़न में लगातार चर्चा और विवाद भी बने रहे। उन्होंने पंजाब किंग्स द्वारा रिटेंशन प्रस्ताव को सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया था, जिसके बाद फ्रेंचाइज़ी के एक सह-मालिक ने उनके फैसले को गैर-पेशेवर बताया था। पिछले सीज़न में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले इंग्लिस को इस बार एलएसजी ने 8.6 करोड़ रुपये की बड़ी राशि में अपने साथ जोड़ा है।

31 वर्षीय इंग्लिस का मुंबई इंडियंस के स्टार गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने बुमराह के खिलाफ दो मैचों में 34 गेंदों पर 52 रन बनाए हैं। खास बात यह है कि आईपीएल 2025 के क्वालिफायर-2 में उन्होंने बुमराह के एक ही ओवर में 20 रन जड़कर मैच का रुख बदल दिया था, जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी की क्षमता का पता चलता है।

एलएसजी के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण रहा है क्योंकि टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर संघर्ष कर रही है। अब तक खेले गए 8 मैचों में टीम सिर्फ 2 जीत हासिल कर सकी है। ऐसे में इंग्लिस की वापसी से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वह शनिवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में टीम के साथ अभ्यास भी करेंगे और प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जा सकते हैं।

# थॉमस कप 2026 : चोट के कारण फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर हुए लक्ष्य सेन

**नई दिल्ली, (हि.स.)** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन चोट के कारण थॉमस कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले में फ्रांस के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनकी अनुपस्थिति टीम इंडिया के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने शनिवार को आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की।



**कोहनी की चोट बनी वजह**

बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने बताया कि क्वार्टरफाइनल मुकाबले के दौरान कई बार डाइव लगाने की वजह से लक्ष्य सेन की कोहनी में चोट लग गई। मैच के दौरान उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामक खेलशैली ने भारत को जीत दिलाई, लेकिन इसी दौरान उन्हें चोट का सामना करना पड़ा। मेडिकल टीम ने विस्तृत जांच के बाद उन्हें आराम देने की सलाह दी है।

**फाइनल को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला**

बीएआई के अनुसार, यह निर्णय पूरी तरह एहतियातन लिया गया है। टीम प्रबंधन चाहता है कि अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो लक्ष्य सेन पूरी तरह फिट होकर टीम का हिस्सा बन सकें। फिलहाल वह मेडिकल निगरानी में हैं और उनकी रिकवरी पर लगातार नजर रखी जा रही है। टीम को उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर वापसी करेंगे।

**क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन**

लक्ष्य सेन ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में ताइवान के दिग्गज खिलाड़ी चोउ तिएन चेन को कड़े मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से हराया था। उनकी इस जीत ने भारत की 3-0 की निर्णायक बढ़त की नींव रखी और टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनका यह प्रदर्शन टीम के मनोबल को बढ़ाने वाला रहा।

**सेमीफाइनल में ये खिलाड़ी संभालेंगे जिम्मेदारी**

**लक्ष्य सेन की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के सामने सेमीफाइनल में संतुलित प्रदर्शन की चुनौती होगी। पुरुष एकल मुकाबलों में आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। इन खिलाड़ियों को अपने अनुभव और फॉर्म का पूरा इस्तेमाल करना होगा। वहीं पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मजबूत और अनुभवी जोड़ी से जीत की उम्मीद होगी। इसके अलावा एम अर्जुन और ए हरिहरन की जोड़ी भी निर्णायक भूमिका निभा सकती है। टीम को हर मैच में आक्रामक और संयमित खेल दिखाना होगा ताकि फाइनल का टिकट सुनिश्चित किया जा सके।**

# कुलदीप कुमार का रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर, (हि.स.)** भारतीय एथलेटिक्स में भुवनेश्वर में आयोजित प्रथम इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट प्रतियोगिता में कुलदीप कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। मध्य प्रदेश के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5.41 मीटर की ऊंचाई पार कर अपने ही साथी देव मीना के 5.40 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 5.46 मीटर के प्रयास भी किए, लेकिन सफल नहीं हो सके। जी रीगन को रजत और देव मीना को कांस्य मिला।